केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

14 वर्षो से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com


महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

संबंधों को सिर्फ समय की ही नहीं.. समझ की भी जरूरत होती है..!

वर्ष 14 अंक 55 | उज्जैन गुरुवार 3 अगस्त 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

**मैं आपका भाई हूं, बेटा हूं, मामा हूं, मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूं-सीएम शिवराजसिंह**

# पिपलिया में किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा-गलत काम करने वालों के यहां चलेगा बुलडोजर

## किसानों को सम्मानिधि के मिलेंगे 6 हजार, लाड़ली बहना योजना के हो जाएंगे तीन हजार









**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पिपलिया कॉलेज ग्राउण्ड में किसान सम्मेलन को सम्बोधित किया। यहां उन्होंने 876 करोड़ की सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन भी किया। पिपलिया के लिए कोई नई घोषणा नही की। वहीं किसान सम्मेलन में हर वर्ग को साधने का प्रयास किया। क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के वित्तमंत्री जदगीश देवड़ा ने कहा शिवराज मामा आए है, चंबल मां लाए हैं, अब हर खेत तक चंबल का पानी पहुंचेगा। जिससे मल्हारगढ़ क्षेत्र की भूमि भी हरी भरी होगी। मुख्यमंत्री ने जिले में विकास की गंगा बहाई है। जो कार्य आज तक नहीं हुए वह आज हुए हैं। जबकि कांग्रेस ने क्षेत्र में कोई विकास कार्य नही किए। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री नहीं हूं, मैं तो आपका भाई हूं, बेटा हूं, मामा हूं। मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूं। मुझे तुम्हारा साथ चाहिए। योजनाएं सुचारू चलाने के लिए साथ दीजिए। उन्होंने यह भी कहा कि आपका विधायक (मंत्री) जगदीश देवड़ा है, लेकिन वह हीरा है हीरा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कमलनाथ सोने की चम्मत लेकर पैदा हुए हैं, वे क्या गरीबों का दर्द जानेंगे।

**बहनों को दे रहा मान और सम्मान:-** सीएम ने कहा मैं बहनों को पैसा नहीं दे रहा हूं। बल्कि बहनों को मान और सम्मान दे रहा हूं। शिवराज की गारंटी है, केवल 1 हजार तक नहीं रुकेंगे। बल्कि आगे बढ़ा कर उसको 1250 फिर 1500 फिर 1750 फिर 2000 फिर 2250 फिर 2500 फिर 2750 एवं फिर 3000 तक बढ़ाया जाएगा। अभी पूरे प्रदेश में बहनों पर 15 हजार करोड़ हर महीने खर्च किए जा रहे हैं। अब इसमें 21 से 23 वर्ष की बहनों एवं ट्रैक्टर रखने वाले बहनों को भी शामिल कर लिया गया है। आगामी 10 अगस्त के दिन फिर से सभी बहनों के खाते में 1 हजार की राशि का भुगतान किया जाएगा।

**गलत काम करने वालों के घर पर चलेगा बुलडोजर:-**सीएम ने कहा सम्मान निधि के अंतर्गत अब तक किसानों को 4 हजार की राशि प्रदान की जा रही थी। लेकिन अब इसे बढ़ाकर 6 हजार कर दिया जाएगा। गलत काम करने वालों को जेल भेजा जाएगा, उनके घर पर बुलडोजर चलेगा। इसके साथ ही जिसके पास रहने के लिए मकान नहीं है, ऐसे हर व्यक्ति को पट्टा प्रदान किया जाएगा, कोई भी व्यक्ति बिना पट्टे के नहीं रहेगा। अब तीर्थ यात्रा भी हवाई माध्यम से करवाई जा रही हैं। 12 वीं में टॉप में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप एवं स्कूटी प्रदान की जाएगी। गरीब भाइयों और बहनों की फीस मामा भरेगा। मेडिकल कॉलेज की फीस मामा के द्वारा ही भरी जाएगी।

**पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत महिलाओं की भर्ती होगी:-**मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत महिलाओं को भर्ती किया जाएगा। वहीं शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत भर्तियां महिलाओं की होगी। इसके साथ ही स्थानीय निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत सीटों पर बहनों को स्थान दिया जा रहा है। अब परिस्थितियां पूरी तरह से बदल चुकी है। रजिस्ट्री में अगर महिलाओं के नाम से कोई रजिस्ट्री कराता है तो उस पर भी शुल्क 1 प्रतिशत लगेगा।

**पिपलिया को टप्पा कार्यालय बनाने का वादा भूले, धुंधडका को टप्पा कार्यालय बनाने की घोषणा:-**2008 में सीएम शिवराजसिंह जन आशीर्वाद यात्रा में पिपलिया को टप्पा कार्यालय घोषित करने की घोषणा कर गए थे, लेकिन आज दिन तक पिपलिया में टप्पा कार्यालय नही बना। आज फिर पिपलिया की सभा में मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ विधानसभा के धुंधडका टप्पा को तहसील का दर्जा प्रदान करने की घोषणा कर दी।

**बचे हुए गांवों को भी किया जाएगा शामिल:-** सीएम ने कहा कि मल्हारगढ़ सिंचाई परियोजना के अंतर्गत जितने भी छुट्टे हुए 31 गांव को परियोजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में भी चंबल का पानी लाया जाएगा। सीएम ने 13 अरब 37 करोड़ 70 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। जिसमे 876 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली मल्हारगढ़ दाब युक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना, 418 करोड़ 23 लाख से निर्मित गरोठ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का लोकार्पण, 20 करोड़ 17 लाख से निर्मित सेदरा करनाली तालाब के लोकार्पण, 13 करोड़ 99 लाख से निर्मित खेताखेड़ा तालाब का लोकार्पण, 5 करोड़ 15 लाख से निर्मित हरचंडी सालंड वियर का लोकार्पण एवं 3 करोड़ 53 लाख से निर्मित शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी में अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण शामिल है।

**मल्हारगढ़ तहसील के 126 ग्राम को मिलेगा पानी:-**मुख्यमंत्री ने 876 करोड 62 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली मल्हारगढ़ दाब युक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना का भूमि पूजन किया। यह परियोजना मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम अरनिया जटिया में निर्मित होगी। इस परियोजना से 126 ग्रामों को सिंचाई के लिए चंबल नदी का पानी मिलेगा। इससे 46 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। परियोजना निर्माण के पश्चात इस क्षेत्र के 126 गांव के 74 हजार 700 हितग्राही लाभान्वित होंगे।

### यह रहा खास, एक नजर झलकियों पर

1. मुख्यमंत्री निर्धारित कार्यक्रम से पौन घंटा लेट आए। सवा 3 बजे के बजाए 4 बजे हेलीकाप्टर बादरी में बनाए हेलीपेड पर लैंड हुआ।

2. सीएम का जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा से स्वागत् स्वागत् मंच बनाए गए।

3. सीएम काफिले के साथ 5 किमी तक कृषि मंडी आए, यहां रोड शो के लिए रथ में सवार हुए। इससे पूर्व सरदार पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

4. टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर के सामने फूले चौराहे पर एकत्रित कांग्रेसजन नारेबाजी कर रहे थे, इसके विपरित भाजपाजन भी नारेबाजी करने लगे। काफी देर तक दोनों एक - दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करते रहे, बाद में पुलिस ने मोर्चा संभाला।

5. टीलाखेड़ा ज्योति बा फूले मूर्ति के निकट कांग्रेसजन, सीएम को वादा निभाओ ज्ञापन देने के लिए एकत्रित हुए थे, जिन्हें सीएम के आने से पहले पुलिस ने हटाना चाहा, तो नारेबाजी की, बमुश्किल पुलिस ने कांग्रेसजनों को हटाया, यहां ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा व परशुराम सिसोदिया सहित कार्यकर्ता एकत्रित हुए थे।

6. टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर पर दर्शन नही कर पाए, वहीं मंदिर के सामने ज्योति बा फूले प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

7. टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर के यहां जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल मालवीय ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत् किया। मालवीय मल्हारगढ़ विधानसभा सीट से टिकट मांग रहे है।

8. वार्ड 5 मुख्य मार्ग पर सीएम ने राजा टोडरमल की प्रतिमा अनावरण किया। यहां समाज का एक धड़ा नाराज रहा, समाज के कई पदाधिकारी से नदारद।

09. पिपलिया गांधी चौराहे पर माल्यार्पण किया। उसके बाद पुलिस चौकी के सामने निवासरत जिपं के पूर्व अध्यक्ष मनोहरलाल जैन के निवास पहुंचे व कुशलक्षेम पूछी। जैन पिछले कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे हैं।

10. मुख्य मार्ग पर मल्हारगढ़ विस से प्रत्याशी रहे श्यामलाल जोकचन्द्र को पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ उनके ऑफिस से पकड़ लिया, जिन्हें बाद में मंदसौर पुलिस थाने ले गई, सीएम के जाने के बाद सभी को छोड़ा।

11. हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल 8 किलोमीटर तक मुख्य मार्ग, बैनर, पोस्टर, झंडे से पटा रहा। मुख्य मार्ग पर कई दुकानें बन्द रही।

12. पिपलिया चौपाटी पर करणी सेना कार्यकर्ताओं ने सिर पर काली पट्टी बांधकर सीएम के आगमन का विरोध किया व नारेबाजी की। पुलिस ने इन्हें रोक दिया। करणी सेना कार्यकर्ता अपनी मांगों को पूरी नही होने का विरोध कर रहे थे।

13. सीएम करोड़ों की सिंचाई योजना का भूमिपूजन करने आए थे और किसान सम्मेलन का आयोजन था, लेकिन कार्यक्रम में किसानों की कम महिलाओं की उपस्थिति ज्यादा रही। भाषण में भी इनका ही संदेश ज्यादा रहा।

14. मंच पर पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री चोहान व वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने महिलाओं पर पुष्पवर्षा की।

## लगातार हंगामे से नाराज अध्यक्ष ओम बिड़ला नहीं आए लोकसभा, इस कारण कुर्सी पर बैठने से इनकार

**नई दिल्ली/जीएनएस।** संसद के मानसून सत्र में 10वें दिन बुधवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे। वह लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के लगातार हंगामे से नाराज थे, इसलिए उन्होंने सदन में आने से इनकार कर दिया। उनकी जगह आंध्र प्रदेश के राजमपेट से सांसद पीवी मिथुन रेड्डी ने लोकसभा की कार्यवाही संभाली। जानकारी के मुताबिक, ओम बिड़ला तब तक संसद नहीं आएंगे, जब तक सांसद अपना व्यवहार सुधारकर हंगामा करना बंद नहीं करते। लोकसभा में मंगलवार को दिल्ली ऑर्डिनेंस पेश हुआ था। बुधवार को इस पर चर्चा होनी थी, लेकिन इससे पहले ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही दो बजे तक और फिर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। उधर, राज्यसभा में विपक्षी दलों ने मणिपुर हिंसा पर चर्चा की मांग करते हुए 60 नोटिस दिए, जिन्हें सभापति जगदीप धनखड़ ने अस्वीकार कर दिया। इससे नाराज विपक्ष ने राज्यसभा से वाकआउट कर दिया। इसके बाद इंडिया के सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भी सौंपा और कहा कि मोदी सरकार मणिपुर की स्थिति पर ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए राष्ट्रपति को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर वहां शांति बहाली के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

## राहुल का एससी में भी माफी मांगने से इनकार, मोदी सरनेम मामले में हलफनामा दाखिल, यह है मांग

**नई दिल्ली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मोदी सरनेम मामले में दो साल की सजा पाने के बाद सांसदी गंवा चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। चार अगस्त को मामले में होने वाली सुनवाई से पहले दायर हलफनामे में राहुल गांधी ने माफी न मांगने की बात दोहराते हुए कहा कि अगर उन्हें माफी मांगनी होती और सजा को कम कराना होता, तो बहुत पहले ही ऐसा कर लिया होता। वह अपराध के लिए दोषी नहीं हैं, इसलिए उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगे। शिकायतकर्ता भाजपा विधायक



पूर्णेश ईश्वरभाई मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपने जवाब में राहुल गांधी का वर्णन करने के लिए 'अहंकारी' शब्द का इस्तेमाल किया था, क्योंकि उन्होंने माफी मांगने से इनकार कर दिया था। इस पर राहुल गांधी के हलफनामे में कहा गया है कि माफी नहीं मांगने भर से कोई अहंकारी नहीं हो जाता। हलफनामे में आगे कहा गया है कि राहुल गांधी को बिना किसी गलती के माफी मांगने के लिए जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत परिणाम देना, न्यायिक प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है और इसे इस अदालत द्वारा स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही हलफनामे में कहा गया है कि उनके पास एक असाधारण मामला है, क्योंकि इसे एक मामूली अपराध मानते हुए और एक निर्वाचित सांसद के रूप में उन्हें जो अपूरणीय क्षति हुई है। उसे देखते हुए यह प्रार्थना की जाती है कि उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाई जाए, जिससे वह लोकसभा की मौजूदा बैठकों और उसके बाद के सत्रों में भाग ले सकें।





## न हम एनडीए के साथ और न ही इंडिया गठबंधन संग केसीआर ने कहा, हम अकेले नहीं, हमारे कई दोस्त

**हैदराबाद/जीएनएस।**2024 लोकसभा चुनावों को लेकर अब एनडीए और विपक्षी गठबंधन इंडिया हर छोटे-छोटे दल को अपने साथ जोडने़ की कोशिश कर रहा है। इस बीच तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने एक ऐसा बयान दिया है, जिससे इन दोनों गठबंधनों के मंसूबों को झटका लगा है।केसीआर ने कहा कि उनकी पार्टी न तो एनडीए के साथ है और न ही इंडिया एलायंस के साथ। उन्होंने कहा कि हम उनमें से किसी के भी साथ नहीं हैं। हम अकेले नहीं हैं, हमारे कई दोस्त हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने एनडीए और इंडिया को देखा है। नया क्या है? उन्होंने 50 साल तक शासन किया, लेकिन कुछ नहीं बदला। बदलाव की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडियाकर्मी भी देश में बदलाव लाने में योगदान दें। बीआरएस महाराष्ट्र में विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन करेगा।

## यूपी में 50 सीटें जीतेगी सपा,शिवपाल यादव का आरोप, जब भी चुनाव आता है भाजपा दंगे कराती है


**बिहार/जीएनएस।** मणिपुर और हरियाणा के नूंह में जारी हिंसा को लेकर देश की राजनीति में जबरदस्त तरीके से वार-पलटवार का दौर देखने को मिल रहा है। विपक्षी दल जबरदस्त तरीके से भाजपा और केंद्र की सरकार पर हमलावर है। इन सब के बीच समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने भी भाजपा पर निशाना साधा है और गंभीर आरोप लगाए हैं। अपने बयान में शिवपाल यादव ने साफ तौर पर कहा है कि जब भी चुनाव आते हैं, भाजपा कोई ना कोई षड्यंत्र कर दंगे कराती हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने भाजपा पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगा दिया। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर भी बड़ी बात कही है। शिवपाल यादव ने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव



में सपा उत्तर प्रदेश में (कुल 80 सीट में से) कम से कम 50 सीट जीतेगी। सपा ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन कर 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था और केवल पांच सीट पर जीत दर्ज की थी, जबकि बसपा ने 10 सीट पर जीत हासिल की थी। इंडिया में शामिल होने को लेकर शिवपाल ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब राजभर पर से उनके समुदाय का ही भरोसा खत्म हो गया है।

## दिल्ली में सेवाओं से जुड़ा विधेयक राज्यसभा में पारित नहीं हो पाएगा: आप सांसद संजय सिंह

**नयी दिल्ली/जीएनएस।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023' उच्च सदन में पारित नहीं हो सकेगा। सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत में कहा कि दिल्ली में सेवाओं से जुड़े अध्यादेश की जगह लाये गये विधेयक का उच्च सदन में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सभी घटक दल विरोध करेंगे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में मंगलवार को उक्त विधेयक पेश किया।यह विधेयक लागू होने पर उच्चतम न्यायालय के उस आदेश को पलट देगा जिसमें दिल्ली की निर्वाचित सरकार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर अधिकार दिये गये थे। इस बारे में पूछे जाने पर



सिंह ने कहा कि यह 'असंवैधानिक' विधेयक संघीय ढांचे तथा लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने कहा, ''जब यह विधेयक राज्यसभा में आएगा तो इंडिया गठबंधन के सभी सदस्य इसका विरोध करेंगे। लड़ाई उच्चतम न्यायालय में भी चल रही है। यह विधेयक निश्चित रूप से पारित नहीं हो पाएगा।'' सिंह ने मणिपुर के हालात के लिए भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, ''मणिपुर हो या मेवात, जहां भी भाजपा है, वहां हिंसा, नफरत और दंगे हैं।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमिटी की बैठक आयोजित

**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा की अध्यक्षता में फोटो निर्वाचक नामावली 2023 के प्रारूप प्रकाशन किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई है।



बैठक में बताया गया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जा कर किये गये सत्यापन, मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण / पुनर्व्यवस्था, निर्वाचक नामावली में धुंधली, खराब गुणवत्ता और विनिर्देशन और गैर-मानवीय छवियों को प्रति स्थापित कर, अच्छी गुणवत्ता वाली तस्वीरों को सुनिश्चित करते हुए छवि गुणवत्ता में सुधार एवं खण्ड / भागों की पुनर्रचना और मतदान केन्द्रों के खण्ड / भाग की सीमाओं के स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन का अंतिम रूप, मतदान केन्द्रो की सूची एवं कन्ट्रोल टेबल का अवलोकन किया गया।

बैठक में निर्वाचन नामावली के प्रारूप का प्रकाशन कर 31 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियादर्ज करने को कहा गया। इसी के साथ 12,13, 19 एवं 20 अगस्त को विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। 22 सितम्बर तक दावे एवं आपत्तियों का निराकरण के निर्देश दिए गए। 29 सितम्बर तक नामावली के हेल्थ पैरामीटर की जाँच कर अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग से अनुमति प्राप्त करने एवं डाटाबेस को अपडेट कर परिशिष्टो को मुद्रित करने को कहा गया। इसी के साथ बताया गया कि 04 अक्टूबर को निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

बैठक में अपर कलेक्टर एस.एस. मुजाल्दा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पी. एल. कुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंकिता प्रजापति, विभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर विश्वकर्मा, निर्वाचन सुपरवाइजर प्रकाश सिंगाड़िया, मनोज अरोरा, भानु भूरिया, सोमसिंह सोलंकी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## तहसील कार्यालय झाबुआ में निर्वाचन नामावली का प्रारूप प्रकाशित किया गया

**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** तहसील कार्यालय झाबुआ में निर्वाचन नामावली का प्रारूप प्रकाशित किया गया। नायब तहसीलदार द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि निर्वाचन नियम के अनुसार सभी मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन नामावली का प्रारूप प्रकाशित किया जा रहा है। इसमें 1 से 365 तक के समस्त मतदान केन्द्रों पर इसका निरिक्षण किया जा चूका है, किसी भी व्यक्ति को यदि अपने नाम में संशोधन, नये नाम जुडवाना है, तो वे यह पर सूची देख कर बीएलओ से संशोधन करा सकते है। यदि किसी गाव में बीएलओ नहीं है, ऐसी स्थिति में वे तहसील में आकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।



## सार समाचार

### उद्योगपति, समाजसेवी ब्रजेंद्र चुन्नू शर्मा ने थांदला को भेंट किया शव वाहन




**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** थांदला में लंबे समय से नगर के समाजसेवी शव वाहन हेतु प्रयास कर रहे थे।जिसकी महत्ती आवश्यकता भी है ,विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो को इस समस्या का सामना करने में तब अधिक समस्या आती थी जब उनको अपने परिजनो के शव को कही से लाना ले जाना होता था।आज उनकी पीढ़ा को समझते हुए,प्रसिद्ध उद्योगपति,समाजसेवी चुन्नू शर्मा ने थांदला एस डी एम तरुण जैन के माध्यम से नगर परिषद को शव वाहन प्रदान किया।इस अवसर पर नगर परिषद सहित ,समाजसेवियों और बल्ड डोनेशन टीम ने उनका स्वागत कर आभार प्रदर्शित किया।इस अवसर पर समाजसेवी अनिल भंसाली, गगनेश उपाध्याय,मोहन ब्रजवासी,विनीत शर्मा,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील पणदा, भाजपा मंडल, अध्यक्ष गोलू उपाध्याय,मेघनगर नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश मचार,,पार्षद जितेंद्र राठौर,जगदीश प्रजापत , और बल्ड डोनेशन टीम के अध्यक्ष अजय सेठिया, संरक्षक प्रशांत उपाध्याय उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री द्वारा विकास पर्व कार्यक्रम एवं लाड़ली बहना योजना की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई



**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विकास पर्व कार्यक्रम एवं लाड़ली बहना योजना की समीक्षा हेतु मंगलवार रात्रि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि 16 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक प्रदेश के समस्त जिलों में विकास पर्व मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा।मुख्यमंत्री चौहान ने बताया कि 10 अगस्त को लाड़ली बहना योजना की राशि बहनों के खाते में अंतरित की जाएगी। हर ग्राम और वार्ड में कार्यक्रम होगा। अभी से अच्छे ढंग से कार्यक्रम की तैयारी करें। लाड़ली बहना सेना का भी सहयोग लिया जाए। मेरी माटी मेरा देश अभियान 9 से 30 अगस्त तक चलाया जाएगा। इसे ठीक ढंग से आयोजित करें। कार्यक्रम को ठीक ढंग से प्रचारित किया जाए। जिसमे जिले से कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर, अपर कलेक्टर एस. एस. मुजाल्दा, एडिशनल सीईओ दिनेश वर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी राधु बघेल एवं भानु भूरिया उपस्थित थे।

### ईवीएम एवं वीवीपेट वेयर हाउस का निरीक्षण



**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के पत्र द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले में कार्यालय कलेक्टर के पास स्थित नवीन ईवीएम/वीवीपेट वेयर हॉउस का ताला खोल कर ईवीएम/वीवीपेट का निरिक्षण भौतिक सत्यापन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर जिला झाबुआ सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एस.एस. मुजाल्दा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पी. एल. कुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंकिता प्रजापति, निर्वाचन सुपरवाइजर प्रकाश सिंगाड़िया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भानु भूरिया एवं गौरव सक्सेना उपस्थित रहे।

### 37 लाख की लागत से निर्मित गोशाला का किया लोकार्पण



**आलोट/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सांगाखेड़ा में 37 लाख की लागत से निर्मित वीर तेजाजी गोशाला का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक मनोज चावला ने किया गया । गौशाला लोकार्पण के अवसर पर ग्राम सांगा खेड़ा में कन्या पूजन और पौधारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया इस अवसर पर सभी ने गौ माता की सुरक्षा का संकल्प भी लिया ।लोकार्पण अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मनोज चावला के साथ जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू सिंह परिहार, ताल नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश परमार, पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश पाठक , जनपद सदस्य करण सिंह राठौर , ग्राम सांगा खेड़ा के सरपंच व पंथ पिपलोदा क्लस्टर के सभी सरपंच गण, उपसरपंच गण एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

**विधानसभा चुनाव की तैयारियां**

### राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय आज नगर में



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भरतीय जनता पार्टी, जिला उज्जैन ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र बड़नगर द्वारा विधानसभा सम्मेलन का आयोजन 3 अगस्त गुरुवार को प्रातः 9 बजे स्थानीय शांतिवाटिका मे रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सांसद अनिल फिरोजिया एवं जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुण्डला का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने आग्रह भाजपा के नगर मण्डल अध्यक्ष श्याम शर्मा, खरसोद कला मण्डल अध्यक्ष कुलदीप बना, बड़नगर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष अजय यादव, इंगोरिया मण्डल अध्यक्ष इन्द्रपालसिंह पण्डया ने किया है। उक्त जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी गौरव जैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# सड़क फोरलेन प्राधिकरण कृषको की भूमि कीमत 15 वर्ष बाद भी देना नही चाहता, अरबो कमा लिए "

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड। तहसील के ग्राम खेडा, पिटगारा, घटगारा बोराली ,छो ,रिटोडा सनोली, नागदा कृषकों की जमीने फोरलेन लेबड़- जावरा के लिए वर्ष 2008 मे लेली याने 15 वर्ष हो गए, किंतु उन्हें वाजिब मुआवजा आज तक नही।**

न्यायालय मे वाजिब कीमत के लिए प्रकरण मे 13 वर्षो बाद निर्णय हुआ। अब न्यायालय के निर्णयानुसार तीन वर्ष बाद भी कृषको को भूअर्जन अधिकारी एव मप्र सड़क विकास प्राधिकरण (Mprdc) राशि देने के लिए कई प्रकार की लेत -लाली ,अवरोध कर अधिग्रहित कृषको की कीमती भूमि की राशि नही दे रहे है।

जबकि फोरलेन सड़क बना दी और उस सड़क से अरबों रुपए सड़क निगम ने कमा लिए है ,किंतु कृषक की भूमि की वाजिब कीमत भी नहीं दे रहे है।

न्यायालय के द्वारा अवार्ड भी पारित किए गए किंतु माननीय न्यायालय द्वारा पारित किए गए अवार्ड के बावजूद 2 -3 वर्ष बाद भी कृषकों को उनकी राशि ही नहीं । जब न्यायालय के द्वारा संबंधित अधिकारी के कार्यालय के कंप्यूटर ,अलमारियां ,लैपटॉप,प्रिंटर आदि भी कई बार जप्त हो गई । उन्हें नीलामी के लिए न्यायालय के आदेश के बावजूद प्रस्तुत नहीं किया । अब माननीय न्यायालय द्वारा संबंधित के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण धारा 406 भादवि , अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज करने के लिए भी पुलिस विभाग को लिखा जा रहा है, किंतु प्रश्न यह है कि कृषकों की वाजिब कीमत सड़क निगम द्वारा क्यों नहीं दी जा रही ?

क्या मप्र वि सड़क निगम के पास देने को राशि नहीं है ,या वे भ्रष्टाचार के माध्यम से देना चाहते हैं कृषको को क्यों परेशान और त्रस्त किया जा रहा है?

तत्काल उनकी वाजिब राशि न्यायालय के निर्णय के बाद दी ही जाना चाहिए ,किंतु उसमें भी रोड़े, विघ्न ,कानूनी अवरोध उत्पन्न किये जा रहे है। याने हर तरफ कृषको परेशानी ही परेशानी है ।कृषको ने अपनी जमीन, अपने जिगर का टुकड़ा दिया ,पूर्वजो की जमीन दी। बदले में मात्र परेशानी ही परेशानी है। इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान, क्षेत्रीय विधायक एवं उद्योग मंत्री श्री राज्यवर्धनसिंह जी दत्तीगांव को ज्ञापन देकर मांग गई है।

# कांग्रेस ने मतदाता नामावली दावे आपत्ति में भागीदारी सुनिश्चित करने का किया आह्वान

**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण प्रदेश के प्रत्येक जिलों में में दिनांक 2 अगस्त से 30 अगस्त 2023 की समयावधि में मतदाता सूची में अपने दावे आपत्ति प्रस्तुत करने की सीमा तय की गई है जो 28 दिवस की रहेगी वही 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा युवतियों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता साबिर फिटवेल जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने जिले के समस्त बूथ कमेटी के अध्यक्ष गण सेक्टर प्रभारी मंडलम अध्यक्ष बूथ कमेटी पर पार्टी की और से नियुक्त बी एल ए शहर कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस युवा कांग्रेस भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन सेवादल महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों से अपील की है कि अपने अपने क्षेत्र के

आपने मतदाता सूची का बारीकी से निरीक्षण करे परीक्षण यदि नहीं किया हो तो सर्वोच्च प्राथमिकता पर इस पर काम करें और यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार की विसंगति पाते हैं तो स्थापित प्रक्रिया अनुसार संबंधित केंद्रों पर बैठे बीएलओ से संपर्क कर अपना दावे और आपत्ति प्रस्तुत करें। विधान सभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची में अंतिम रूप से संशोधन और शुद्धिकरण किए जाने का यही अंतिम अवसर हमें प्राप्त है।इसके बाद दावे आपत्ति स्वीकार नहीं किए जाएंगे

आप सभी साथियों से अनुरोध सहित अपेक्षा की जाती है कि अंतिम तिथि का इंतजार ना करते हुए तत्काल इस कार्य को संपादित करें और वरिष्ठ पदाधिकारी से अपेक्षा है कि वह इस महत्वपूर्ण कार्य को प्रभावित ढंग से क्रियान्वित करवाने में अपनी भूमिका अदा करें।

अध्यक्ष म.प्र.कांग्रेस कमेटी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ इस विषय के प्रति बहुत गंभीर हैं क्योंकि यही समय है विधानसभा चुनाव में यही नामावली में दर्ज मतदाता अपना मत का प्रयोग करेंगे 5 सितंबर को मतदाता नामावली का प्रकाशन कर दिया जाएगा जिला प्रशासन द्वारा 12 एवं 13 अगस्त तथा 19 एवं 20 अगस्त को विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे जिसमें पात्र मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष जो पूर्ण कर चुके हैं उनके नाम जोड़े जाएंगे इस मुहिम में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें कांग्रेस पार्टी की ओर से सक्रिय भागीदारी और परिणाम की अपेक्षा रखते है।

# महामृत्युंजय तपस्वी श्री मति ओरा का नगर में हुआ जगह-जगह स्वागत

**दान धर्म और तप , यह है मोक्ष के मार्ग प्रीति दर्शना श्रीजी**

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आत्मा प्रीति चातुर्मास के अंतर्गत चल रहे डॉ प्रीति दर्शना श्री जी महाराज साहब के आत्म कल्याण कारी प्रवचनों से प्रभावित होकर महामृत्युंजय तप मांसक्षमण 31 उपवास की तपस्या पूर्ण करने वाली श्रीमती पुखराज बैन ओरा का तपस्या पूर्ण होने पर एक विशाल वरघोड़ा नगर के प्रमुख मार्गो से निकला । जहां नगर में जगह-जगह श्रीमती ओरा का स्वागत अभिनंदन समाज जनों के साथ साथ अनेक संस्थाओं सामाजिक महानुभाव द्वारा किया गया । इस विशाल वरघोड़े में हाथी घोड़े आदिवासी नृत्य मंडली बैंड ढोल आदि आकर्षण का केंद्र थे । महिला मंडल जयकारो से आकाश गुंजनमाय कर रही थी , वही विशाल जन मेदनी तपस्वी के जय जय कार के जयकारों से धर्ममयी माहौल बना रहे थे । वरघोड़ा शांतिकुंज परिसर पहुंचा जहां एक विशाल तप अनुमोदना सभा हुई । इस तप अनुमोदना सभा में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी ,पूर्व कैबिनेट मंत्री पारस जैन ,विधायक मुरली मोरवाल, परिषद के राष्टीय अध्यक्ष प्रकाश छाजेड़ ,प्रदेश अध्यक्ष मोहित तातेड़ , महामंत्री संजय कोठारी ,त्रिस्तुतिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश तातेड़ , राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त राजेश अग्रवाल, अनिल धारीवाल, राजेन्द्र दंगवाड़ा सहित अनेक गणमान्य और समाजसेवी मंचासीन थे । सभी का बहुमान ओरा परिवार के मांगीलाल धर्मचंद मनोज ओरा ने किया। सर्वप्रथम गुरु वंदन प्रिया वैशाली मेघा ओरा ने करवाया। स्वागत उद्बोधन शैलेश ओरा ने दिया। श्री संघ की ओर से अशोक छाजेड़, विजय मेहता ,राजकुमार पारख, ने तप अनुमोदना में अपने भाव व्यक्त किए। विधायक मुरली मोरवाल, प्रकाश छाजेड़ ,मोहित तातेड, सुरेश तातेड़, राजेश अग्रवाल, विजय वोहरा आदि ने तपस्वी की अनुमोदना करते हुए कहा कि जीवन में तपोबल के माध्यम से पुण्य का संचय होता है। धर्म सभा के पश्चात श्रीमती ओरा का बहुमान श्रीस्तुतिक संघ से अशोक छाजेड़ एवम ट्रस्टी चार थुई श्री संघ स्थानकवासी श्री संघ श्री राजेंद्र जैन, शंखेश्वर ट्रस्ट मंडल अखिल भारतीय श्री राजेंद्र नवयुवक परिषद अजय सियाल एवम साथी महिला परिषद जय जिनेंद्र युवा ग्रुप राजेंद्र सेवा समिति सहित सामाजिक संस्था और गणमान्य जन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शांतिलाल गोखरू ने किया। अंत में सभी के प्रति आभार निलेश ओरा बालोदा वाला ने व्यक्त किया। उपरोक्त जानकारी राजकुमार नाहर द्वारा दी गई।



# कलेक्टर द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**झाबुआ/माणक लाल जैन।** आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाताओ को अधिक से अधिक मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता वाहन को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री तन्वी हुड्डा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर एवं अपर कलेक्टर एस.एस. मुजाल्दा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वाहन के द्वारा 31 अगस्त तक प्रचार- प्रसार का कार्य किया जाएगा।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा बताया गया आज से 31 अगस्त तक सभी विधानसभा क्षेत्र में एक-एक रथ जा रहे है, जिसके माध्यम से ईवीएम की जागरूकता को लोगो तक ले कर जा रहे है। इसके द्वारा लोगो को बताया जाएगा कि किस प्रकार ईवीएम कार्य करती है, किस प्रकार हम अपने मत का प्रयोग कर सकते है। जिससे लोग अधिक से अधिक अपने मत का प्रयोग करे।

जिले में प्रतिदिन भीड़- भाड़ वाली जगहों एवं साप्ताहिक हाट बाजार में भी प्रचार रथ के द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रचार रथ का निर्माण मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा तैयार डिजाईन के अनुसार वाहन में हाई रिसाल्यूवेशन फ्लेक्स के साथ ही प्रचार रथ में एलईडी वीडियो वॉल लगाई गई है । जिससे अधिक से अधिक लोग मतदान के प्रति जागरूक हो सके।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंकिता प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर विश्वकर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जी 20 पर दो डाक टिकट एवं दो स्मारक सिक्कें जारी किये गए

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विगत दिवस प्रधानमंत्री द्वारा नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में पुनर्विकसित अन्तरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्?मेलन केंद्र परिसर (आईईसीसी) को राष्ट्र को समर्पित किया? इस नये परिसर को 'भारत मंडपम नाम दिया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारत की अध्यक्षता में हो रही जी-20 बैठकों पर दो स्मारक सिक्का और दो डाक टिकट जारी किये गए। उक्त जानकारी देते हुए डाक टिकट संग्राहक ओम पाटोदी ने बताया कि दोनों डाक टिकट 20 रूपए मूल्य वर्ग के है एवं स्मारक सिक्कों में एक सिक्का 75 रूपए तो दूसरा सिक्का 100 रूपए मूल्य वर्ग का है। सभी जारी की गई सामग्री पर इस सम्मेलन का मूल मंत्र ÷वसुदेव कुटुम्बकम् ÷ अंकित किया गया है। इस बार जी20 देशों की अध्यक्षता भारत कर रहा है। शिखर सम्मेलन में चर्चा के मुख्य बिंदु इस प्रकार है, कृषि, भ्रष्टाचार विरोधी, संस्कृति, डिजिटल अर्थव्यवस्था, आपदा जोखिम में कमी, विकास, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और जलवायु स्थिरता, ऊर्जा परिवर्तन, स्वास्थ्य, व्यापार और निवेश, और पर्यटन।




# नवागत जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ज़िला शिक्षा अधिकारी धार श्री लक्ष्मण देवड़ा द्वारा सीएम राइम्स विद्यालय मैं विकासखंड बदनावर के समस्त हायरसेकेंडरी-हाई स्कूल के संकुल प्राचार्य और प्राचार्य कि आवश्यक बैठक ली गई। नवागत जिला शिक्षा अधिकारी का प्राचार्य द्वारा पुष्पा हारो से प्रथम आगमन पर स्वागत विकास खंड शिक्षा अधिकारी बी.एल पाटीदार, श्रीमती माधुरी घूरे ,सीएम राइज उपप्राचार्य रियाजुद्दीन शेख, वरिष्ठ प्राचार्य दिनेश दुबे, राजेंद्र लश्करी, हेमंत व्यास मोहनलाल काग ने पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया।





नवादा जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्यो का परिचय प्राप्त किया और उसके बाद बैठक लेकर निम्नानुसार निर्देश दिए विद्यालय नियमित लगे, सभी शिक्षकगण समय पर आएं, समय पर जावे, निशुल्क पाठ्य पुस्तकों की वितरण की स्थिति, प्रोफाइल अपडेशन, छात्रवृत्ति वितरण स्थिति, निःशुल्क साइकिल वितरण, मेधावी विद्यार्थियों के स्कूटी वितरण, साथ निर्देशित किया किसी भी शिक्षक के वित्तीय मामले लंबित ना रहे, नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करें। शासन आदेश,कार्य, सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण तत्काल किया जाए। विभागीय आदेशों के प्रति उत्तर, जानकारी समय सीमा में तैयार कर प्रेषित करें। सभी शिक्षकगण ,प्राचार्य निर्धारित समय चक्र के अनुसार अध्यापन कार्य संपन्न हो इसका विशेष ध्यान रखें । उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य के साथ वार्षिक परीक्षा फल 100त्न हो इसके लिए प्रयास किए जाए। प्रतिदिन होमवर्क देवे उसका परीक्षण समय पर किया जाए। पाक्षिक- मासिक टेस्ट ले, त्रैमासिक ,अर्धवार्षिक और प्री बोर्ड परीक्षाएं उनका रिजल्ट का विश्लेषण किया जाए । अतिरिक्त रूप से 48 मखनी दाल आत्मा कक्षाएं लगाई जाए कठिन बिंदुओं के अध्यापन के लिए ऑडियो- वीडियो तकनिक का उपयोग किया जाए।सभी प्राचार्य अपने स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम का लक्ष्य तय करें ,सभी शिक्षकों से विषय वार परीक्षा परिणाम का लक्ष्य लेकर एक लक्ष्य पंजी का संधारण करें। सभी विद्यालयों में नियमित रूप से एस. एम. डी सी की बैठक हो। खतरनाक शाला भवन ,कक्ष यदि कोई हो तो उसमें कक्षाएं नहीं लगाई जाए। खतरनाक शाला भवनों की स्थिति , रिपेयरिंग मरम्मत नव निर्माण इत्यादि की लिखित में तत्काल सूचना जिला शिक्षा कार्यालय को दी जाए। रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों को नियमानुसार रखे ।

इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी बीएल पाटीदार एवं श्रीमती माधवी घोड़े ने भी शिक्षकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए मार्गदर्शन दिया एवं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद गतिविधियों के संचालन का भी आह्वान किया।

बैठक उपरांत सीएम राइज़ विद्यालय के स्टाफ की भी बैठक ली गई। सीएम राइस स्कूल स्टाफ द्वारा भी आपका स्वागत किया गया एवं अपना परिचय भी सभी ने प्रदान किया आपने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के विशेष नवाचार के तहत सी एम राइज़ स्कूल खोले गए हैं ।आप नियमितता के साथ अपना समय दे, उच्च शैक्षणिक परिणाम के लिए प्रयास करें विभिन्न गतिविधियां संपादित करें। सीएम राइज स्कूल को साधन संपन्न बनाया जा रहा है शासन के द्वारा उनका भी उपयोग करें। विद्यार्थियों को एक श्रेष्ठ योग्य नागरिक बनाने के लिए प्रयास करें। आपने विद्यालय , प्रयोगशाला लाइब्रेरी शैक्षणिक कक्षाओं की भी जानकारी सभी से ली एवं प्रायोगिक कार्य , कंप्यूटर कक्षा, व्यवसायिक शिक्षा की नियमित कक्षाओं के संचालन के लिए भी पाबंद किया। बैठक पश्चात अपने विद्यालय के उद्यान में वृक्षारोपण भी किया उसके उचित देखभाल के लिए भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा कार्यालय से श्री दिलीप जी जैन लेखापाल भी साथ उपस्थित थे।

# प्रतिवर्ष विभागीय ठेकों का निष्पादन हो या राजस्व वसूली नियमानुसार कार्यवाइयों को सुचान ने अंजाम दिया-अधिकारी व्यास

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर जिले में जहरीली शराब काण्ड की घटना से उत्पन्न हुई विषम परिस्थितियों के बावजूद आपने बड़ी ही सूझबूझ से काम लिया और इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सराहनीय प्रयास किये। प्रतिवर्ष विभागीय ठेकों का निष्पादन हो या राजस्व वसूली नियमानुसार कार्यवाहियों को अंजाम दिया। आपके कार्यकाल में विभाग का कोई भी राजस्व बकाया नहीं रहा, यह आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।



उक्त बात जिला आबकारी अधिकारी नीमच आर. एन. व्यास ने कही। आप प्रेम रिसॉर्ट में आयोजित मंदसौर जिला आबकारी अधिकारी अनिल सचान के विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। व्यास ने कहा कि श्री सचान वर्ष 1986 में जिला ग्वालियर में लोक सेवा आयोग के चयन से आबकारी उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ हुए और सीहोर, राजगढ, खंडवा, रायपुर, सागर, जबलपुर में सेवाएं दी। वर्ष 2007 से 2010 में आपकी पदोन्नती हुई जिला मंडला में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रहे। मार्च 2019 से 2021 तक आप जिला आबकारी अधिकारी नीमच तथा जुलाई 2021 से जुलाई 2023 तक जिला आबकारी अधिकारी मंदसौर में पदस्थ रहे।

अपने विदाई समारोह पर आयोजित पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला आबकारी अधिकारी अनिल सचान ने कहा कि कार्य कोई भी हो उसे तन्मयता से करना चाहिए। उसके प्रति समर्पण की भावना होना चाहिए। जिम्मेदारी से किया गया कार्य सफलता अवश्य दिलाता है। कार्यालय की टेंशन लेकर कभी घर नहीं जाना चाहिए इससे व्यक्ति टेंशन में रहता है और परिवार को समय नहीं दे पाता है। न किसी को तनाव दो न किसी से तनाव लो, कार्य को कार्य के हिसाब से करते रहो। मेरे स्टाफ ने हमेशा निष्ठा से कार्य किया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश केरवार ने कहा कि सचान समय के बडे पाबंद रहे है। यदि व्यक्ति समय पर सारे कार्य कर लेता है तो उसे किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पडता। समय की पाबंदता के कारण ही सचान ने हर कार्य को चेलेंज के साथ पूरा किया। इस अवसर पर कर्मेन्द्र सांवले, संजय राठौर, रामनारायण प्रजापत, गोपाल माली, केशव मेडतवाल, चेतन राठौर, सीताराम बग्गड, मोहम्मद ताहिर, चंचल चौहान, आबकारी विभाग जिला नीमच, मनीष जाट एण्ड कंपनी दलौदा, राजेंद्रसिंह एवं विजेंद्रसिंह सीतामउ, विशाल जायसवाल, भंवरसिंह चंद्रावत, विजय गोड, रोहित छाबडा, शोंकी ककनानी, सन्नी चावला, नितेश चौहान नाहरगढ, सन्नी सिंह पिपलियामंडी, अंकित चौहान कयामपुर, केदार चौधरी, अशोक गुप्ता गरोठ, पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा आदि ने श्री सचान का पुष्पमालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर नागदा ने किया। आभार जिला आबकारी विभाग के बाबू गणेश सोनगरा ने माना।

## वाहनों को पंचर कर लूट करने की थी साजिश रचते रंगे हाथ धराए 4 आरोपी

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शामगढ़ थाना क्षेत्र के तहत चंदवासा चौकी पुलिस ने लूट की योजना बनाते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है वही इनका एक आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने अवैध हथियार और वाहन चालकों को लूटने के लिए उपयोग में आने वाली सामग्री बरामद की है। चंदवासा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग मेलखेड़ा-चंदवासा रोड पर बुंदिया गांव के रास्ते पर बने यात्री प्रतीक्षालय के निकट बैठे हैं और लूट की कोई योजना बना रहे हैं।

मौके से संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर पूछताछ की जाए तो बड़ा खुलासा हो सकता है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम बनाकर मुखबिर के द्वारा बताए गए स्थान बुंदिया गांव के यात्री प्रतीक्षालय के निकट दबिश देकर आगर मालवा जिले के अर्जुन पिता गोपाल गुर्जर उम्र 20 वर्ष, महेश पिता देवीलाल मेघवाल उम्र 21 वर्ष, दिनेश पिता वरदा जी मेघवाल उम्र 45 वर्ष और राहुल पिता मांगीलाल मेघवाल उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है, इनका एक साथी पंकज पिता गोपाल गुर्जर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 बोर का एक देशी कट्टा, 2 खटकेदार चाकू एक गुप्ति और किले लगी हुई लकड़ी का पटिया बरामद किया है। जानकारी मिली है कि आरोपी सड़क पर किले लगी हुई लकड़ी का पटिया रखकर वाहन को पंचर कर राहगीरों को लूटने का प्रयास कर रहे थे। मामले में पुलिस ने आरोपियों खिलाफलूट की साजिश रचने और अवैध हथियार रखने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है।

## नेपाली बाबा आज करेंगे बाबा महाकाल का पूजन, खाकी अखाड़े में भक्तों को देंगे आशीष

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अधिकमास के उपलक्ष्य में परम त्यागी नेपाली बाबा आज गुरूवार 3 अगस्त को उज्जैन आएंगे। हरिसिंह यादव एवं रवि राय ने बताया कि नेपाली बाबा आज सुबह 9 बजे महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल का पूजन अभिषेक करेंगे। तत्पश्चात अंकपात रोड़ स्थित खाकी अखाड़े में विराजेंगे। हरिसिंह यादव एवं रवि राय ने बताया कि सिंहस्थ में नेपाली बाबा द्वारा मंगलनाथ मंदिर के पीछे सबसे विशाल यज्ञशाला का निर्माण किया था। सदैव फलाहारी ग्रहण करने वाले बाबा अन्न ग्रहण नहीं करते, वस्त्र में केवल टाट पहनते हैं। बड़े यज्ञ अनुष्ठान करने वाले नेपाली बाबा के भारत देश में ही नहीं विदेशों में भी अनुयायी हैं।

## जावद नगर कांग्रेस अध्यक्ष के शपथ समारोह में शामिल होंगे पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन वर्मा

**जावद/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जावद नगर कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री अरविंद बग्गड़ को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देश पर बनाया गया। श्री अरविंद धाकड़ जावद नगर के पूर्व पार्षद हैं। ये मिलनसार मृदुभाषी हैं। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवम सोनकच्छ विधायक सज्जन सिंह वर्मा एवम प्रदेश प्रतिनिधि राजकुमार अहीर, सिंगोली ब्लॉक अध्यक्ष मनीष जैन एवम जावद विधानसभा के तीनों ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष भी शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम शुक्रवार 04 अगस्त दोपहर 11.30 बजे सामुदायिक भवन बावल रोड़ पर रखा गया है।




इस कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस के नवनियुक्त एवम निर्वाचित पार्षदगणों और मंडलम/सेक्टर अध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। पार्षद दिनेश धनगर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद बग्गड़, युवा कांग्रेस जावद विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंगला तोतला ने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवम समस्त प्रकोष्ठों से पदाधिकारियों से निवेदन हैं की इसी को निमंत्रण मान कर कार्यक्रम में उपस्थित हो कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ावे।

# उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण हेतु विदेश प्रस्थान हुए

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आई.डी.पी. नाडेप (राष्ट्रीय एग्रीकल्चर हायर एजुकेशन प्रोजेक्ट) के अन्तर्गत राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों की फ्लैग ऑफ सेरेमनी राजभवन भोपाल में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के द्वारा संपादित की गई। राज्यपाल ने छात्रों को संबोधित कर उन्हें बधाई दी इस अवसर पर कृषि मंत्री म.प्र. शासन श्री कमल पटेल ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



विश्वविद्यालय के कुलपति श्री ए. के शुक्ला ने छात्रों को अपने उद्बोधन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान हेतु सकारात्मक एवं सच्चे हृदय से सदैव तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया। विश्वविद्यालय से परियोजना समन्वयक डॉ. वाय. पी. सिंह एवं सह समन्वयक डॉ. अखिलेश सिंह उपस्थित थे। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ अंकित पाण्डेय ने बताया उद्यानिकी महाविद्यालय, मन्दसौर से कु गार्गी त्रिपाठी अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान फिलीपींस एवं कु. सुरभि आचार्य का चयन सिडनी विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण हेतु हुआ है तथा इसी क्रम कु अदिति पाण्डे, कु. सलोनी पांचाल, कु रितिका भावेल अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान एशिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बैंकाक, थाईलैंड हेतु चयनित हुए है। उद्यानिकी महाविद्यालय के प्रोफेसर के आलम खान यूनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण हेतु आई डी. पी. नाहेप के अन्तर्गत प्रस्थान कर रहे हैं। राजभवन में हुए फ्लैग ऑफ सेरेमनी के कार्यक्रम में उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर से आई.डी.पी. नाडेप परियोजना समन्वयक डॉ. रूपेश चतुर्वेदी महाविद्यालय छात्रों के साथ सम्मिलित हुए । विदित हो कि उद्यानिकी महाविद्यालय के तीन छात्र कु. श्रेया चतुर्वेदी, कु शैली ताडेकर, श्री कुलदीप आजना इएल डिग्री हेतु डलहौजी विश्वविद्यालय, कनाडा जाकर विशिष्ट योग्यता के साथ अपनी स्नातक उपाधी पूर्ण कर चुके हैं तथा विदेशी भूमि में सम्मानित हो कर विश्वविद्यालय की गरिमा में अभिवृद्धि की है। महाविद्यालय के डीन डॉ. आर. एस. चुण्डावत ने सभी छात्रों को बधाई दी तथा यह भी बताया की शीघ्र है नये विद्यार्थियों के बच की विदेश अध्ययन हेतु प्रस्थान की प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

## प्रदर्शन करने जा रहे कांग्रेसजनो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बुधवार को नगर में आगमन हुवा। इस मौके पर कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया कांग्रेसजनो के साथ दोपहर 1,30 बजे ज्योतिबाफुले चौराहे पर पहुंचे। कांग्रेसजनो ने प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस कांग्रेसजनो को हिरासत में लेकर वायडी नगर थाने ले गई।

कांग्रेसनेता परशुराम सिसौदिया ने कहा कि भाजपा व प्रदेश के मुख्यमंत्री का लोकतंत्र में कोई विश्वास नही रह गया है। वह जनहित के हर आंदोलन को दबाने का कुप्रयास कर रही है।जनता के जायज मुद्दों को उठाना विपक्ष का राजधर्म है। 2019 में मल्हारगढ़ तहसील में हुवे मुआवजा घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफकार्यवाही करने संबधी ज्ञापन देना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने लाठी के बल कांग्रेसजनों को रोका ओर गिरफ्तार कर थाने ले गई। जहा से सभी को मुचलके पर रिहा किया गया।

## कादर बोहरा की हत्या से आक्रोशित भानपुरा के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विगत 31 जुलाई को यात्री गाड़ी में हुई फायरिंग में भानपुरा निवासी कादर पिता मोहम्मद हुसैन बोहरा की मौत हो गई थी। मोहर्रम मनाने के बाद वें भानपुरा से मुम्बई जा रहे थे। उनकी हत्या को लेकर बोहरा समाज ने आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को समाज के लोगो के साथ अनेक नगरवासियो ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसील कार्यालय भानपुरा में तहसील के बेनी प्रसाद मरावी को दिया। ज्ञापन में बताया गया कि गोलीकांड की घटना में भानपुरा नगर के बोहरा समाज सदस्य कादर भाई की मृत्यु हो गई। बोहरा समाज, मुस्लिम समाज एवं भानपुरा वासी इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि गोलीकांड की घटना में मृतक कादर भाई एवं अन्य सभी मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता व परिवार में से किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। एवं दोषी हत्यारे को फांसी की सजा दी जाने की मांग की गई। ज्ञापन का वाचन एडवोकेट इरफान अंसारी ने किया। ज्ञापन सौपे जाने के दौरान अंजुमन कमेटी सदर मोहसिन कुरेशी, बोहरा समाज सदर खोजीम भाई बोहरा, शब्बीर भाई, कुतुबुद्दीन हुसैन बोहरा, युसूफभाई बैंक वाले, हुसैनी भाई, बुरहानी भाई, मुर्तजा बोहरा, मुस्तफा भाई, हुसैन भाई, शेख असलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कलेक्टर श्री जैन की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

**नीमच । (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए गठित मान्यता प्राप्0त राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नीमच में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम सुश्री नेहा मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, सहित मान्यता प्राप्त राष्टीय दल एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दल के पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने कहा,कि पारदर्शी, निष्पक्ष, स0वतंत्र एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए आयोग के निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक है। किसी परिवार में 6 से अधिक व0यक्ति है, तो उनका सत0यापन कर, नामावली की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। सभी नियुक त सेक टर अधिकारी नामावली का वाचन कर, सत यापन करेगें। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया तथा निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी के महत्वपूर्ण बिन्दुओं से राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। कलेक टर श्री जैन द्वारा बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रेस प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रारूप निर्वाचन नामावली की सीडी भी प्रदाय की गई।बैठक में एडीएम सुश्री नेहा मीना ने कहा, कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी पारदर्शिता रखी जायेगी। सेक टर अधिकारी बूथ का निरीक्षण भी करेगें। विशेष शिविर आयोजित कर, मतदाता सूची का वाचन किया जायेगा।

बैठक में मास्टर ट्रेनर डॉ.राजेश पाटीदार ने मतदाता विवरण, नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम, मतदान केन्द्रों का युक्तियुक तकरण, मतदान केन्द्रों के परिवर्तन संबंधी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा, वोटर हेल् पलाईन अवश य डाउनलोड करलें, ताकि निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त हो सके। मास्टर ट्रेनर डॉ.पाटीदार ने आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 कार्यक्रम, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, मतदाताओं की संख या सहित मतदाता सूची के बारे में अवगत कराया। बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने सुझाव दिए। बैठक में राजनैतिक दल के प्रतिनिधि श्री पवन कुमार दुबे, श्री बृजेश मित तल,श्री प्रेमचन्द्र कलोसिया,श्री अशोक सागर, सहित पत्रकार, मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

## दुःखो से मुक्ति का उपाय है प्रभु भक्ति व पूजा मुनिश्री सुप्रभ सागर

**सिंगोली।(सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संसारी प्राणी दुःखों से घबराता है, और सुख की कामना करता है, परन्तु सारे कार्य दुःख प्राप्ति के ही करता है। दुःखों से मुक्ति का उपाय है - प्रभु भक्ति, पूजा। भगवान ने स्वयं के कर्मों को नष्ट कर दिया है, इसलिए वे धन्य हो गए और हमें धन्यता प्राप्ति का मार्ग बता गए। यह बात नगर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से शिक्षीत व वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज से दिक्षीत मुनिश्री सुप्रभ सागर जी महाराज ने 2 अगस्त बुधवार को प्रातः काल धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान ने अपने अन्दर सुप्त पडी अनन्त शक्ति को जागृत कर परम सुख को प्राप्त किया है। मानव में भी वह अनन्त शक्ति है, पर अपने प्रमाद के कारण वह उसे प्रकट नहीं कर पा रहा है। भगवान जानते देखते है, परंतु उस पर प्रतिक्रिया नहीं करते है, मनुष्य जानने देखने के बाद राग- - द्वेष रूप प्रतिक्रिया करता है, इस कारण से उसका संसार समाप्त नहीं हो रहा है। आचार्य कहते है कि जानो-देखो पर कूलों मत अर्थात् उसमें राग-द्वेष मत करो। भगवान मुक्ति रूपी स्त्री के स्वामी बन गए, और वे अधोलोक, मध्य लोक और उर्ध्व लोक तीनों लोकों के ऊपर मुकुट के समान शोभायमान हो रहे है अर्थात भगवान तीनों के ऊपर भाग में स्थित सिद्धालय में अनन्त सुख का अनुभव कर रहे है। मनुष्य में भी उस अनन्त शक्ति प्राप्त करने की क्षमता है, उसे वह स्वयं के पुरुषार्थ से प्राप्त कर सकता है। भगवान की भक्ति उस पुरुषार्थ का प्रारंभ है, और भगवान सुख प्राप्ति में निमित्त मात्र है। भगवान ने मार्ग दिया, मार्ग पर कैसे चलना बता दिया और चलना व्यक्ति को स्वयं पड़ेगा तभी वह अपने मंजिल पर पहुँच पायेगा ।वही मुनिश्री दर्शित सागर जी महाराज ने कहा कि वर्तमान में एकल परिवार की अवधारण अधिक प्रचलन में हो रही है और इस एकल परिवार के कारण ही व्यक्ति धर्म ध्यान आदि महत्वपूर्ण कार्यो से वंचित हो रहा है। पूर्व समय में संयुक्त परिवार होता था, सब मिलकर कार्य करते है, किसी को कोई समस्या होती थी तो सब मिल बैठ कर उसका समाधान निकालते थे। धर्म ध्यान, तीर्थ यात्रा आदि पर व्यक्ति निश्चिन्त हो कर चला जाता था। परिवार के संस्कार बने रहते थे, पर आज एकल परिवार से सारे रिश्ते समाप्त, रीति-रिवाज, संस्कार समाप्त हो रहे हैं।


## निःशुल्क चौरासी महादेव, नो नारायण, सप्त सागर दर्शन यात्रा प्रारंभ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्व. जगदीश यादव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 5 दिवसीय निःशुल्क चौरासी महादेव, नौ नारायण, सप्त सागर दर्शन यात्रा 2 अगस्त से प्रारंभ हुई। संस्थान के सेवादार विवेक यादव विक्की भैया ने उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र की माता बहनों को चौरासी महादेव, नो नारायण, सप्तसागर दर्शन कराने का संकल्प लिया था। यात्रा की पूर्णाहुति 6 अगस्त को होगी।

यात्रा का प्रारम्भ क्षीरसागर स्थित भगवान श्री राम मंदिर मानस भवन से हुआ। अगस्तेश्वर महादेव से माता बहनों ने संकल्प लिया। चौरासी महादेव दर्शन यात्रा भक्त मंडल के अरुण वर्मा ने बताया कि पहले दिन मानस भवन क्षीर सागर, दूसरे दिन रामघाट शिप्रा नदी, तीसरे दिन इंदिरा नगर चौराहा आगर रोड, चौथे दिन मानस भवन से बस द्वारा, पांचवे दिन मानस भवन से शुरू होकर पुनः अगस्तेश्वर महादेव पहुंचेगी। यात्रा सम्पूर्ण शानदार सुविधाओ के साथ कराई जाएगी जो पूरी तरह निःशुल्क होगी। यात्रा में 2500 से अधिक माता बहनें शामिल हुई।

## आम आदमी बन रिपोर्टर ने चेक की रियलिटी, प्रदेश के 30 मंत्रियो में से 6 मंत्रियो ने ही उठाया फोन, मिनिस्टर सखलेचा ने कॉलबैक कर सुनी समस्या, बेहतर विकल्प के दिए सुझाव

**सिंगोली।(सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियो के कामकाज का फीडबैक लेने के लिए एक समाचार पत्र ने रियलिटी चेक किया। प्रदेश के सभी मंत्रियो को आम नागरिक बनकर काम के लिए फोन लगाया। जिसमे कई मंत्रियो के आधिकारिक नंबर बंद आए तो कई मंत्रियो ने मीटिंग का हवाला देकर खुद को व्यस्त बता दिया। मात्र 6 मंत्रियो ने फोन उठाया। वहीं 2 मंत्री जिन्होंने फोन नहीं उठाया था वापस फोन लगाकर समस्या पूछी। इन्ही मंत्रियो में जावद विधानसभा क्षेत्र से विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने बकायदा फोन रिसीव किया और समस्या को जानकर निजात हल करवाने का आश्वासन भी दिया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के मंत्री सखलेचा को सबसे पहले इनके पर्सनल नंबर पर कॉल लगाया। कॉल पिक नहीं हुआ, एक घंटे के बाद कॉलबैक आया। कॉल पर ओमप्रकाश सखलेचा खुद थे। तसल्ली से समस्या सुनी। पूरी मदद का आश्वासन दिया। साथ ही अपनी तरफ से विकल्प भी दिए कि कैसे बेहतर इलाज हो सकता है।



# कमलनाथ से हरी झंडी मिलने के बाद नीमच में उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब जनसेवक के फ्लेक्स से पटा समूचा शहर, उमराव सिंह गुर्जर को जन-जन ने दी बधाई

**नीमच। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्रामीण अंचल से लगाकर शहर की मुख्य सड़कों पर आज बड़े बड़े फ्लेक्स लगे हुए हैं। ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में आज लोगों का हुजूम नीमच पहुंचा। अवसर था ऑल इण्डिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य और कांग्रेस के कद्दावर नेता उमराव सिंह गुर्जर के जन्मदिन का। शहर के गाँधी वाटिका के पास वात्सल्य भवन में उमराव सिंह के जन्मदिन को लेकर बड़ा आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में गुर्जर समर्थक बधाई देने पहुंचे।




जिस प्रकार से उमराव सिंह गुर्जर लगातार नीमच विधानसभा का दौरा कर रहे हैं तो राजनीतिक चाणक्यों का मानना है कि शीर्ष नेतृत्व से उनको हरी झंडी मिल गई है। वैसे भी गुर्जर कमलनाथ खेमे से आते हैं। प्रदेश कांग्रेस की पूरी बागडोर अभी कमलनाथ के हाथ में है। कांग्रेस भी कमलनाथ को एमपी का भावी मुख्यमंत्री मान रही है। इस हिसाब से कमलनाथ गुट के दावेदारों को भी महत्व दिया जाएगा। नीमच विधानसभा से कमलनाथ गुट से उमराव सिंह पहले पायदान पर है।

**शक्ति प्रदर्शन-** महीने भर पहले से आज के दिन के लिए उमराव सिंह गुर्जर के समर्थकों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई थी। गांव-गांव तक सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई थी। जिसके तहत आज लोगों का हुजूम नीमच शहर में देखा गया। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह उमराव का जन्मदिन के बहाने एक तरह का शक्ति प्रदर्शन रहा। जिले सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को मैसेज पहुंचाने का इससे बड़ा तरीका नहीं हो सकता। आगामी विधानसभा चुनाव में नीमच से दावेदारी कर रहे उमराव सिंह ने आज इस कार्यक्रम के रूप में सन्देश दे दिया कि वे इस सीट से सबसे प्रबल दावेदार है।

**लंबा राजनीतिक अनुभव-** उमराव सिंह गुर्जर जिले में राजनीतिक रूप में एक जाना माना नाम है। गुर्जर ने गांव रातड़िया के सरपंच चुनाव से अपनी राजनीति की शुरुआत की। इसके बाद नीमच जनपद उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष और नीमच कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष रहे। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने गुर्जर को मनासा विधानसभा से अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन गुर्जर को हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि उमराव सिंह मनासा के लिए बाहरी उम्मीदवार थे जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा।

**6ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी पकड़-** उमराव सिंह गुर्जर ने सरपंच से लेकर जनपद अध्यक्ष और मंडी अध्यक्ष का सफर तय किया। जिसके कारण उनका ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ा जुड़ाव रहा। लगभग 3 दशकों से लगातार नीमच के गांवों में पहुँचने से गुर्जर की ग्रामीण बेल्ट में बड़ी पकड़ है। जीरन ब्लॉक और नीमच ग्रामीण ब्लॉक में उमराव समर्थकों की लंबी फेहरिस्त है। जनपद अध्यक्ष और मंडी अध्यक्ष के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यो को लोग आज भी याद करते हैं। सहज और सरलता के साथ उपलब्ध रहने के कारण भी आमजन में गुर्जर की अच्छी खासी लोकप्रियता है। पहलवान के रूप में विख्यात उमराव सिंह का युवा वर्ग में भी बड़ा वर्चस्व है। उनके साथ अक्सर युवाओं की टोली देखी जाती है।

## कलेक्टर श्री जैन ने किया नवीन मंडी प्रांगण में पौधारोपण

**नीमच। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर दिनेश जैन ने बुधवार को कृषि उपज मंडी नीमच के नवीन प्रांगण चंगेरा में मंडी व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के साथ पौधारोपण किया इस मौके पर एसडीएम डॉक्टर ममता खेड़े, मंडी सचिव सतीश पटेल एवं मंडी व्यापारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।नवीन मंडी प्रांगण पहुंचने पर मंडी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंडी व्यापारी संघ के सचिव राजेश खंडेलवाल सुशील गोयल संतोष बिंदल कमल मंडी व्यापारियों मंडी सचिव सतीश पटेल ने कलेक्टर जैन का पुष्प हारो से स्वागत किया मंडी व्यापारी संघ की ओर से कलेक्टर दिनेश जैन को साफा बांधकर स्वागत किया गया इस मौके पर मंडी व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं मंडी कर्मचारी उपस्थित थे कलेक्टर ने मंडी सचिव में व्यापारी से चर्चा कर नवीन मंडी में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली

## सम्पादकीय

# एक और सांप्रदायिक हमला

हमने बीते कल ही सांप्रदायिक हिंसा, उन्मादी भीड़ और सौहार्द पर सवाल करता विश्लेषण छापा था। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी विवाद पर एक हिन्दूवादी बयान दे दिया, जबकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला 3 अगस्त को आना है। ज्ञानवापी के भीतर त्रिशूल, घंटियां, कुंड, स्वास्तिक आदि चिह्न दीवारों पर अंकित हैं। देव-प्रतिमाएं भी बनी हैं। योगी ने स्पष्ट कर दिया कि ज्ञानवापी मंदिर था अथवा मस्जिद है! ये तमाम ज्ञात तथ्य हैं, क्योंकि अदालत द्वारा नियुक्त दो कमिश्नरों के नेतृत्व में सर्वे कराए गए थे, लेकिन उन्हीं आधारों पर करीब 400 साल पुराना मंदिर-मस्जिद विवाद सुलझाया नहीं जा सकता। जाहिर है कि योगी के बयान के पीछे सांप्रदायिक मानसिकता काम कर रही थी, ताकि उसी आधार पर ध्रुवीकरण कराया जा सके। हमारा देश सांप्रदायिकता बनाम धर्मनिरपेक्षता में बंटा है। हालांकि उनके पैरोकारों को उनके मायने भी ज्ञात नहीं हैं। वे इन दो शब्दों, दो धारणाओं की स्पष्ट व्याख्या भी नहीं कर सकते। इसी दौरान हरियाणा के मेवात इलाके के नूंह जिले में सांप्रदायिक हिंसा ने उन्मादी नाच दिखाया। करीब 100 वाहन जला दिए गए। तोड़-फोड़ भी की। होम गार्ड के 2 जवानों समेत तीन की मौत हो गई। 50 से ज्यादा पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग घायल हुए हैं। कुछ की अवस्था गंभीर बताई गई है। उपद्रवियों ने दुकानों में लूटपाट और आगजनी की है।

नूंह की सीमाएं सील कर धारा 144 लागू करनी पड़ी है। सांप्रदायिक चिंगारियां गुरुग्राम, पलवल, सोहना, फरीदाबाद तक पहुंची हैं, लिहाजा उन इलाकों में भी अलर्ट चस्पां किया गया है। इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं फिलहाल बुधवार 2 अगस्त, रात्रि 12 बजे तक, बंद की गई हैं। तीन अन्य जिलों से पुलिस बल मंगवाया गया है। अर्द्धसैनिक बलों की 20 कंपनियां भी तैनात की जा रही हैं। इलाके में सांप्रदायिक तनाव है। गोलीबारी और पथराव की घटनाएं रुक-रुक कर हो रही हैं। बेशक मेवात का इलाका एक 'चक्रव्यूह' की तरह है और यह 'चक्रव्यूह' मुसलमानों का बुना हुआ है। इलाके की करीब 80 फीसदी आबादी मुस्लिम है और शेष 20 फीसदी आबादी हिन्दुओं समेत अन्य समुदायों की है। मेवात साइबर अपराध का घेरेबंदी वाला अड्डा भी है। यहां की अल्पशिक्षित जमात साइबर अपराधों के जरिए लाखों की फिरौतियां वसूलती है, लेकिन ज्यादातर अपराधी कानून और पुलिस की गिरफ्त से बहुत दूर हैं। अहम और चिंतित सवाल तो यह है कि सांप्रदायिक हमला क्यों किया गया? भीड़ इतनी उन्मादी और जहरीली क्यों हो गई? यह फितरत कब बदलेगी? आखिर सांप्रदायिक उन्माद का सबब क्या है? दरअसल सावन के महीने में भगवान शंकर की शोभा-यात्रा हर साल निकाली जाती है। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी सरीखे हिन्दू संगठनों की 'ब्रजमंडल यात्रा' में शिरकत भी एक परंपरा है।

इस बार शोभा-यात्रा पर जो पथराव किया गया, सांप्रदायिक हमला किया गया, वह 'अभूतपूर्व' था। यह विश्लेषण भी किया जा रहा है कि हरियाणा के भिवानी में जिन दो मुस्लिम युवाओं को जला कर मार दिया गया था और मोनू मानेसर को मुख्य आरोपित तय किया गया था, यह हमला नासिर-जुनैद की हत्या का प्रतिशोध था। मृतक मुस्लिम नौजवानों पर गो-तस्करी का आरोप था। एक वीडियो के जरिए प्रचारित किया गया था कि मोनू मानेसर भी शोभा-यात्रा में शामिल हो सकता है, लिहाजा हमले की व्यूह-रचना पहले से ही तैयार की गई। मोनू नहीं आया और न ही पुलिस अभी तक उसे दबोच चुकी है। उसे संघ परिवार का खुला समर्थन हासिल है। पुलिस कैसे हाथ डाल सकती है? राज्य में भाजपा सरकार है। बहरहाल ऐसी सांप्रदायिक हिंसा और हत्यारे हमलों के मद्देनजर सवाल वहीं अटका रहता है कि हिन्दू-मुसलमान के दरमियान इतनी नफरत, इतना विभाजन क्यों है, जबकि दशकों से वे साथ-साथ जी रहे हैं? उनके दरमियान सामाजिकता भी है, वे एक ही देश के नागरिक हैं।

# सद्- सद् विवेक हंसा चक्र का महान गुण है- श्री माताजी

हम जानते हैं कि हमारे सूक्ष्म शरीर में सात मुख्य चक्र होते हैं परन्तु इनके अतिरिक्त अन्य चक्र भी हैं जो हमें संतुलन प्रदान करने में सहायक होते हैं। इन्हीं में से एक है हंसा चक्र। हंसा चक्र दोनों भृकुटियों के मध्य में स्थित है। ये दोनों आँखों बाईं तथा दाईं ओर का द्योतक हैं। ...... कुण्डलिनी को विराट से सम्पर्क स्थापित करने के लिये हंसा चक्र से गुज़रना पड़ता है। हंसा चक्र पर ईड़ा और पिंगला के कुछ भाग की अभिव्यक्ति होती है। इसका अर्थ ये हुआ कि ईड़ा और पिंगला की अभिव्यक्ति हंसा चक्र के माध्यम से होती है। तो हंसा चक्र वह चक्र है जो यद्यपि आज्ञा चक्र तक नहीं गया फिर भी जिसने इन दोनों नाड़ियों के कुछ सूत्र या कुछ भाग थामे हुए हैं और ये सूत्र नाक की ओर प्रवाहित होने लगते हैं, आपकी आँखों से, मुँह से और मस्तिष्क के माध्यम से इनकी अभिव्यक्ति होने लगती है। आप जानते हैं कि विशुद्धि चक्र की सोलह पंखुड़ियों हैं जो आँख, नाक, जिह्वा, गला और दाँतों की देखभाल करती हैं परन्तु इनकी अभिव्यक्ति का काम हंसा चक्र के माध्यम से होता है। हंसा चक्र जाग्रत होने पर सद्- सद् विवेक विकसित होता है। संस्कृत का एक सुन्दर श्लोक है कि हंस और बगुला दोनो श्वेत पक्षी हैं, तो दोनो में अन्तर क्या है? यदि दूध में पानी मिला हो तो हंस उसमें से दूध पी जाएगा और पानी को छोड़ देगा परन्तु बगुले को दूध तथा पानी अलग करने का विवेक नहीं है। हंसा चक्र हमारी चेतना में मंगलमयता की अभिव्यक्ति का केन्द्र बिन्दु है। इसका अभिप्राय यह है कि हंसा चक्र के जाग्रत स्थिति में होने पर हम तुरन्त जान जाते हैं कि शुभ क्या है और क्या अशुभ है। हमें दैवी विवेक प्राप्त हो जाता है। आत्मा के प्रकाश की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति इसी हंसा चक्र के द्वारा होती है। हंसा चक्र में चमकने वाला आपकी आत्मा का प्रकाश आपको विवेक प्रदान करता है तो आपमें स्वतः ही अनुभव की बुद्धि आ जाती है और आप जान जाते हैं कि ठीक रास्ता कौन सा है। एक बार जब यह बुद्धि पारदर्शी हो जाती है और आप इसमें से हर चीज़ स्पष्ट देखने लगते हैं तो आपका मस्तिष्क भी पूर्णतया स्वच्छ हो जाता है। आँखें तथा कान अब पूरे वातावरण में ऐसी अनुक्रिया प्रसारित करने लगते हैं कि आप केवल सुन्दर को ही ग्रहण करते हैं। एक बार जब आप ऐसा करना सीख जाते हैं तब आप कहते हैं हम आनन्द सागर में तैर रहे हैं। सागर तो वही है, पर अब आप उसके अन्दर की अमृत की सुन्दर बूँदों को प्राप्त कर लेते हैं और अन्य लोग डूबने से डरते रहते हैं। यही संसार है। इसी कारण लोग कहते हैं कि यह माया है, पर विवेक बुद्धि में माया नहीं रह जाती। हंसा चक्र के कार्यान्वित होने पर ही उत्थान संभव है। जब तक आपका हंसा चक्र कार्यान्वित नहीं होता, तब तक आपका आनन्द प्राप्त करना सम्भव नहीं। इस विश्वास के साथ कि इन बन्धनों को त्यागने में ही हमारा हित है, इनसे यदि हम छुटकारा पा लें तो आज्ञा चक्र खुल जाता है। हंसा चक्र का महानतम कार्य ... यह है कि यह आपके पूर्व कर्मफल को समाप्त करता है। पूर्व-कृत अपराध फल के भय से मुक्ति देता है । कीचड़ में जन्मे कमल की तरह आप सुन्दर होंगे और पूरे विश्व में सुन्दर सुगन्ध बिखरेंगे जब आपका हंसा चक्र जाग्रत हो जाएगा। (सहज ब्रह्मविद्या पुस्तक से साभार) अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी आप टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# मिट्टी का शिवलिंग कैसे बनाया जाता है, कितना होना चाहए इसका आकार, कैसे करें पूजन

## शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

शिवपुराण के अनुसार कलयुग में पार्थिव शिवलिंग का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि जो भी भक्त मिट्टी का शिवलिंग बनाकर पार्थिव शिवलिंग का पूजन और रुद्राभिषेक करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**मिट्टी के शिवलिंग को कहा जाता है पार्थिव शिवलिंग।**

**कलयुग में मिट्टी के शिवलिंग के पूजन का है विशेष महत्व।**

**शिवलिंग की ऊंचाई 12 अंगुल से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

सभी देवी देवताओं की साकार रूप की पूजा होती है लेकिन भगवान शिव एकमात्र ऐसे देवता हैं जिनकी पूजा साकार और निराकार दोनों रूप में होती है। साकार रूप में भगवान शिव मनुष्य रूप में हांथ में त्रिशूल और डमरू लिए बाघ की छाल पहनें नंदी की सवारी करते हुए नजर आते हैं। शिवपुराण के अनुसार साकार और निराकार दोनों रूपों में महादेव की पूजा फलदायी होती है। वहीं शिवलिंग की पूजा करना अधिक उत्तम माना गया है। शिव पुराण में भगवान शिव की अराधना के लिए शिवलिंग का विशेष महत्व बताया गया है। शिवलिंग की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और दुखों का निवारण होता है। देवलिंग, असुरलिंग, अर्शलिंग, पुराण लिंग, मनुष्य लिंग, स्वयंभू लिंग कई प्रकार के शिवलिंग होते हैं तथा इनका अलग महत्व और प्रभाव होता है। लेकिन शिवपुराण के अनुसार पार्थिव शिवलिंग का विशेष महत्व है।

ऐसे में आइए जानते हैं मिट्टी का शिवलिंग कैसे बनाएं और शिवपुराण में इसका क्या महत्व है।

**कैसे बनाएं मिट्टी का शिवलिंग**

आपको बता दें मिट्टी के शिवलिंग को पार्थिव शिवलिंग कहा जाता है। मिट्टी का शिवलिंग गाय के गोबर, गुड़, मक्खन, भस्म, मिट्टी और गंगा जल मिलाकर बनाया जाता है। पार्थिव शिवलिंग बनाते समय इन सभी चीजों को एक में मिला दें और फिर गंगाजल मिलाकर बनाएं। ध्यान रहे मिट्टी का शिवलिंग बनाते समय पवित्र मिट्टी का इस्तेमाल करें। कोशिश करें की बेल के पेड़ की मिट्टी या फिर चिकनी मिट्टी का सेवन करें।

**शिवलिंग की ऊंचाई**

शिवलिंग बनाते समय ध्यान रहे कि यह 12 अंगुल से बड़ा नहीं होना चाहिए तथा अंगुष्ट से छोटा भी नहीं होना चाहिए। इससे आप विशिष्ट रुद्राभिषेक भी करा सकते हैं।

**पार्थिव शिवलिंग का महत्व**

शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और कष्टों का निवारण होता है तथा सुख समृद्धि और पुत्र की प्राप्ति होती है। कलयुग में मोक्ष प्राप्ति के लिए और व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए मिट्टी के शिवलिंग को उत्तम बताया गया है। कहा जाता है कि जो भी भक्त मिट्टी का शिवलिंग बनाकर पार्थिव शिवलिंग का पूजन और रुद्राभिषेक करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और विशेष फल की प्राप्ति होती है। शिवपुराण में पार्थिव शिवलिंग का विशेष महत्व है।

### महादेव से मनचाहा वरदान दिलाती है पार्थिव पूजा, सावन में करने से पहले जान लें इसकी विधि और नियम

भगवान शिव की पूजा के लिए जिस सावन के महीने को सबसे ज्यादा शुभ और उत्तम माना गया है, उसमें पार्थिव पूजा का क्या महत्व होता है और क्या है इसकी विधि, जानने के लिए जरूर पढ़ें ये लेख.

हिंदू धर्म में भगवान शिव को कल्याण का देवता माना गया है. जिनकी साधना के लिए श्रावण मास ही शुभ माना गया है. ऐसे में भोले के भक्त अपने आराध्य महादेव की तमाम तरह से पूजा करके उनको प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं. कोई उनके साकार स्वरूप यानि मूर्ति की पूजा करता है तो कोई उनके निराकार स्वरूप यानि शिवलिंग की पूजा करता है.

सनातन परंपरा में अलग-अलग प्रकार के शिवलिंग की पूजा के अलग-अलग फल बताए गए हैं,

लेकिन सभी प्रकार के शिवलिंग में पार्थिव शिवलिंग की पूजा बहुत ज्यादा महत्व है.

आइए औढरदानी भगवान शंकर से मनचाहा वरदान दिलाने वाली पार्थिव शिवलिंग पूजा की विधि और उसके लाभ के बारे में जानते हैं.

## पार्थिव पूजन से जुड़ी पौराणिक कथा

मान्यता है कि भगवान शिव का पार्थिव पूजन सबसे पहले भगवान राम ने किया था. मान्यता है कि भगवान श्री राम ने लंका पर कूच करने से पहले भगवान शिव की पार्थिव पूजा की थी.

मान्यता है कि कलयुग में भगवान शिव का पार्थिव पूजन कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने किया था. जिसके बाद से अभी तक शिव कृपा बरसाने वाली पार्थिव पूजन की परंपरा चली आ रही है. मान्यता यह भी है कि शनिदेव ने अपने पिता सूर्यदेव से ज्यादा शक्ति पाने के लिए काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा की थी.

## पार्थिव शिवलिंग की पूजा के लाभ

मान्यता है कि सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने पर व्यक्ति के जीवन से जुड़ी बड़ी से बड़ी बाधाएं दूर और कामनाएं पूरी होती हैं. पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने वाले शिव साधक के जीवन से अकाल मृत्यु का भय दूर हो जाता है. शिवपुराण के अनुसार पार्थिव पूजा करने वाले साधक को भगवान शिव के आशीर्वाद से धन-धान्य, सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है और वह सभी सुखों को भोगता हुआ अंत में मोक्ष को प्राप्त होता है.

धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

## पार्थिव शिवलिंग की पूजा विधि

सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग की पूजा के लिए किसी पवित्र स्थान की मिट्टी को लेकर उसमें गाय का गोबर, गुड़, मक्खन और भस्म मिलाएं. इसके बाद उसे पानी से सानकर शिवलिंग बना लें. यदि संभव हो तो गंगा नदी की मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाना चाहिए. पार्थिव शिवलिंग को हमेशा अंगूठे के बराबर छोटा ही बनाने का प्रयास करना चाहिए और किसी भी सूरत में 12 अंगुल से ऊंचा नहीं बनाना चाहिए.

## इसके बाद पार्थिव शिवलिंग की विधि-विधान से पूजा करें.

घर पर स्थापित करें दिव्य पार्थिव शिवलिंग, जानें पूजा विधि और महत्व

सावन का महीना चल रहा है और हर तरफ ? नमः शिवाय की गूंज है. ऐसे में आज हम आपको पार्थिव शिवलिंग बनाने की पूर्ण विधि बताने जा रहे हैं.

साथ ही, हम आपको पार्थिव शिवलिंग का महत्व और उसका पूजा विधान भी विस्तार से बताएंगे.

पार्थिव शिवलिंग के पूजन से नष्ट हो जाता है अकाल मृत्यु का भय

पार्थिव शिवलिंग की पूजा को स्त्री पुरुष सभी कर सकते हैं

सावन का महीना चल रहा है और हर तरफ ? नमः शिवाय की गूंज है. मंदिरों से लेकर घरों तक हर दिशा में हर स्थान पर शिवमय वातावरण छाया हुआ है. मंदिरों में भव्य रुद्राभिषेक और आलौकिक शिव श्रृंगार देखने के लिए लोग हमेशा तत्पर रहते हैं और भोलेनाथ की झलक पाते ही अत्यंत सुख से आनंदित हो उठते हैं. लेकिन कभी कभार मंदिरों में भीड़ के चलते या अन्य किन्हीं कारणों से भक्त मंदिर नहीं जा पाते और भगवान भोलेनाथ के दर्शनों से वंचित रह जाते हैं.

ऐसे में अगर हम आपसे ये कहें कि अब देवादि देव महादेव स्वयं आपके घर पर विराजेंगे तो. अब आप महादेव के आशीर्वाद से वंचित नहीं रहेंगे तो. जी हां, आज हम आपके और महादेव के बीच की दूरी को कम करने आये हैं. अब अगर आप किसी भी वजह से शिव शंभू के दर्शन हेतु मंदिर नहीं जा पाते हैं तब भी आप भगवान शिव का आशीष पा सकेंगे.

आज हम आपको आचार्य सतीश नागर जी की मदद से पार्थिव शिवलिंग बनाने की पूर्ण विधि बताने जा रहे हैं. साथ ही, हम आपको पार्थिव शिवलिंग का महत्व और उसका पूजा विधान भी विस्तार से बताएंगे.

## पार्थिव शिवलिंग बनाने की विधि

पार्थिव शिवलिंग मिट्टी , जल , भस्म , चन्दन , शहद आदि को मिश्रित (मिलाकर) करके अपने हाथों से निर्मित किया जाना चाहिए , इसके लिए छानी हुई शुद्ध मिट्टी, गाय का गोबर, गुड़, मक्खन , शहद ,चन्दन और भस्म मिलाकर शिवलिंग का निर्माण करें. शिवलिंग की ऊँचाई 12 अंगुल से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए. पार्थिव शिवलिंग के पूजन से जन्म -जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं.

## अकाल मृत्यु का भय खत्म हो जाता है. अपार शिव कृपा की प्राप्ति होती है.

सावन में शिव भक्ति विशेष महत्व रखती है अत- सावन में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उसकी पूजा अर्चना करना बहुत मंगलकारी माना गया है. बता दें कि, कलयुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने पार्थिव पूजन का प्रारंभ किया था.

## पार्थिव शिवलिंग की पूजा का महत्व

शिव महा पुराण में 'विद्येश्वरसंहिता' के 16वे अध्याय में दिए गए श्लोक अप मृत्युहरं कालमृत्योश्चापि विनाशनम। सधन्कलत्र-पुत्रादि-धन-धान्य प्रदं द्विजाः।' के अनुसार पार्थिव शिवलिंग की पूजा से तत्क्षण (तुरंत ही) जो कलत्र पुत्रादि यानी कि घर की बहु, पुत्र वधु जो होती है वो शिव शंभू की कृपा से घर में धन धान्य लेकर आती है और इस लोक में सभी मनोरथ को भी पूर्ण करती है. गृह लक्ष्मी द्वारा की गई पार्थिव शिवलिंग की पूजा अकाल मृत्यु को भी टालती है. बता दें कि, इस पूजा को स्त्री पुरुष सभी कर सकते हैं. शिवपुराण के अनुसार, पार्थिव पूजन से धन-धान्य, आरोग्य के साथ ही पुत्र की प्राप्ति होती है. जो दम्पति पुत्र प्राप्ति के लिए कई वर्षों से तड़प रहे हैं, उन्हें पार्थिव लिंग का पूजन अवश्य करना चाहिए. पार्थिव लिंग के पूजन से अकाल मृत्यु का भय भी खत्म हो जाता है. शिवजी की आराधना के लिए पार्थिव पूजन सभी लोग कर सकते हैं.

## शिव पर चढ़ी पूजन सामग्री का अपमान एक महान पाप है, जानिए कैसे करें विसर्जन

श्रावण मास में शिव आराधना का विशेष महत्व होता है। श्रावण मास में प्रत्येक श्रद्धालु भूतभावन भगवान शिव का अभिषेक पूजा आदि कर अपना जीवन धन्य करते हैं। भगवान शिव की पूजा में अभिषेक, भस्म एवं बिल्वपत्र का विशेष महत्व होता है।अधिकांश मंदिरों व घरों में प्रत्येक श्रावण सोमवार को भगवान चंद्रशेखर का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इन दिनों अक्सर श्रद्धालुगण बिल्वपत्र से लक्ष्यार्चन इत्यादि भी करते हैं। भगवान शिव पर चढ़ाए गए सभी बिल्वपत्र एवं पुष्प शिवलिंग पर अर्पण किए जाने के उपरांत जब इन्हें विग्रह से उतार लिया जाता है, तब ये निर्माल्य बन जाते हैं।अक्सर देखने में आता है कि सही जानकारी के अभाव में श्रद्धालुगण इन निर्माल्य को विसर्जन करते समय किसी नदी तट या ऐसी जगह रख देते हैं, जहां इनका अनादर होता है। हमारे शास्त्रों में किसी भी देवी-देवता के निर्माल्य का अपमान करना घोरतम पाप माना गया है। शिव निर्माल्य को पैर से छू जाने के पाप के प्रायश्चितस्वरूप ही पुष्पदंत नामक गंधर्व ने इस महान पाप के प्रायश्चित हेतु महिम्न स्तोत्र की रचना कर क्षमा-याचना की थी।अतः इस पवित्र श्रावण मास में श्रद्धालुओं को शिव निर्माल्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। केवल निर्माल्य को किसी नदी तट या बाग-बगीचे में रख देने से अपने कर्तव्य की इतिश्री नहीं समझनी चाहिए। जब तक यह सुनिश्चित न कर लें कि इस स्थान पर निर्माल्य का अनादर नहीं होगा, ऐसे स्थानों पर निर्माल्य न रखें।शिव निर्माल्य के विसर्जन का सर्वाधिक उत्तम प्रकार है कि निर्माल्य को किसी पवित्र स्थान या बगीचे में गड्ढा खोदकर भूमि में दबा देना। वैसे बहते जल में इस निर्माल्य को प्रवाहित किया जा सकता है, किंतु उसके लिए यह ध्यान रखें कि नदी का जल प्रदूषित न हो अर्थात निर्माल्य बहुत दिन पुराने न हों। शिव निर्माल्य का अपमान एक महान पाप है अतः इससे बचने के लिए केवल दो ही उपाय हैं- एक तो कम मात्रा में निर्माल्य का सृजन हो और दूसरा निर्माल्य का उत्तम रीति से विसर्जन।

## 03 अगस्त 2023- यहां जानें 12 राशियों का हाल, किसे मिलेगा आज भाग्य का साथ

**मेष राशि**

**आज का राशिफल-** रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**उपाय-आज जातक सूर्यदेव की पूजा से लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-8**

**शुभ रंग-भूरा**

**वृषभ राशि**

**आज का राशिफल-** फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं।

**उपाय-सोमवती अमावस्या का दान करें**

**शुभ अंक-7**

**शुभ रंग-भूरा**

**मिथुन राशि**

**आज का राशिफल-** आज क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

**उपाय-शनिदेव की पूजा से लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-8**

**शुभ रंग-नारंगी**

**कर्क राशि**

**आज का राशिफल-** घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

**उपाय-आज राम रामायः नमः मंत्र का जप करें।**

**शुभ अंक-9**

**शुभ रंग-गुलाबी**

**सिंह राशि**

**आज का राशिफल-**धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

**उपाय-आज जातक मां दुर्गा की आराधना से लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-3**

**शुभ रंग-बैंगनी**

**कन्या राशि**

**आज का राशिफल-** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

**उपाय-आज विष्णु भगवान के साथ हनुमान जी के 12 नाम जपने से कष्ट नहीं होगा।**

**शुभ अंक-4**

**शुभ रंग-गुलाबी**

**तुला राशि**

**आज का राशिफल-** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें।

**उपाय-विष्णु भगवान के साथ हनुमान जी के 12 नाम जपने से कष्ट नहीं होगा।**

**शुभ अंक-4**

**शुभ रंग-गुलाबी**

**वृश्चिक राशि**

**आज का राशिफल-** चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

*उपाय-आज सुंदर कांड का पाठ करें।

शुभ अंक-3

शुभ रंग-बैंगनी

धनु राशि

आज का राशिफल- पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

उपाय-आज मां दुर्गा के 108 नामों का जाप करे।

शुभ अंक-7

शुभ रंग-पीला

मकर राशि

आज का राशिफल- पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है।

उपाय-गणेश जी को 11 दुर्वा रोज चढ़ायें।

शुभ अंक-3

शुभ रंग-बैंगनी

कुंभ राशि

आज का राशिफल- प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

उपाय-आज जातक हनुमान जी की पूजा करें।

शुभ अंक-2

शुभ रंग-नारंगी

मीन राशि

आज का राशिफल- पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**उपाय-आज जातक पीपल के पेड़ की परिक्रमा करें**

**शुभ अंक-6**

**शुभ रंग-हरा**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# सर्वाधिक प्राचीन भारतीय श्रेष्ठ सनातनी संस्कृति और परंपराएं (भारत का संस्कारिक गौरवशाली इतिहास)

भारतवर्ष सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की ÷सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति÷ यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी। किसी भी देश के नागरिक को एक दिन में सच्चरित्र नहीं बनाया जा सकता बल्कि बालकों को बाल्यकाल से ही नैतिक शिक्षा से शिक्षित किया जाकर सदाचार का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। यह सर्वविदित है कि मनुष्य के चरित्र और व्यक्तित्व पर देश परिस्थितियां शिक्षा और समाजिक व्यवहार का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और नैतिकता सदाचार का पाठ किसी भी व्यक्ति को एक दिन में नहीं पढ़ाया जा सकता है। दुष्ट चरित्र पुरुष समाज में कभी भी प्रसिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता सदैव अपनी बदनामी के कारण सिर झुका कर छुप कर घूमता है, इसीलिए भारतीय चिंतकों, मनीषियों ने लिखा और कहा है की चरित्र सदाचार की रक्षा मनुष्य को संपूर्ण प्रयास कर निरंतर करते रहना चाहिए। क्योंकि नागरिकों का नैतिक और सदाचारी स्वभाव और व्यवहार राष्ट्रीय संपत्ति होता है और यही संपत्ति राष्ट को एक सशक्त राष्ट और उत्कृष्ट देश बनाने में सदैव सहायक होता है। आध्यात्मिक शिक्षा सदाचार सद्गुण और चरित्र यह मनुष्य के बहुत ही महत्वपूर्ण आंतरिक तत्व हैं और इसी से मनुष्य का सकारात्मक व्यक्तित्व निर्मित होकर महान राष्ट की पृष्ठभूमि को अवलंबित करता है। देश का सद्गुणी सदाचारी सच्चरित्र व्यक्ति है देश को विकास की ओर सदैव ले जा सकता है एवं एक सशक्त राष्ट भी बनाने में मदद करता है। इसलिए अध्यात्म चरित्र तथा नैतिक शिक्षा को किसी भी राष्ट में प्राथमिकता देकर पुष्पित और पल्लवित किया जाना चाहिए।



-संजीव ठाकुर

# कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

## फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का कार्य प्रारंभ »»05, 06, 26 एवं 27 अगस्त को बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे संपर्क-कलेक्टर श्री गुप्ता »»जिले में कुल 11 लाख 88 हजार 6 मतदाता

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता की कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रियंका मिमरोट, बीजेपी से श्री ओम जोशी, श्री मनोहर जाघव, कांग्रेस श्री मनोज राजानी, डॉ. मंसूर शेख, बीएसपी से श्री संजय सांगते सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।**

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के जारी निर्धारित कार्यक्रम अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके तहत निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 02 अगस्त 2023 से प्रारंभ हुआ। जिसमें दावे आपत्ति 02 अगस्त से 31 अगस्त तक प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए विशेष कैंप दिनांक 12,13, 19, 20 अगस्त को लगाए जाएंगे। साथ ही दिनांक 05, 06, 26 एवं 27 अगस्त को बीएलओ घर-घर जाएंगे तथा मतदाता सूची के अपडेशन के लिए संपर्क करेंगे। उन्होंने बताया कि दावे आपत्तियों का निराकरण 22 सितंबर 2023 को किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 04 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा।



### दावे आपत्ति सम्मिलित किए जाने के तरीके

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि मतदाता निर्वाचक नामावली के लिए दावे आपत्ति सम्मिलित किए जाने हेतु ऑफलाइन एवं ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन तरीके के लिए मतदाता आवेदक को मतदान केंद्र पर बीएलओ के पास निर्धारित फॉर्म जमा करना होगा। रजिस्ट्रीकरण/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में निर्धारित फॉर्म जमा करके कर सकते हैं। साथ ही विद्यालय/महाविद्यालय में कैम्पस एम्बेसेडर के पास निर्धारित फॉर्म जमा करके भी किया जा सकता हैं।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन तरीके के लिए मतदाता आवेदक को NVSP (National Voter Services Portal) http://www.nvsp.in पर स्वयं के मोबाइल से रजिस्ट्रेशन के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा VHA (Voter Helpline Mobile App) पर स्वयं के मोबाइल से रजिस्ट्रेशन के माध्यम से कर सकते हैं या फिर बीएलओ के मोबाइल एप्प के माध्यम से भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन प्राप्त किए गए सभी आवेदनों (फॉर्म 06,07,08) की सूची (09,10, 11) का प्रकाशन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल की वेबसाइट पर किया जाएगा। जहां से कोई भी व्यक्ति उसको देख सकता है। साथ ही मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की प्रति सप्ताह समस्त आवेदनों (फॉर्म 06,07,08) की सूची की प्रति भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के समस्त 1399 मतदान केंद्रों पर अपने बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त कर पुनरीक्षण कार्य में सहयोग कर सकता है। नियुक्त बीएलए की सूची रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराना होगा।

### 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम जुड़वाएं

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी ऐसे समस्त मतदाता जिनकी आयु दिनांक 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो गई है, वे अपने नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करा सकेंगे। बताया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की प्रारूप।

# सोलंकी जिला महामंत्री नियुक्त



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला कांग्रेस कमेटी देवास ग्रामीण जिला अध्यक्ष अशोक पटेल कप्तान ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के आदेश वा पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा जिला प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान की अनुशंसा पर ज्ञानेंद्र सिंह सोलंकी को जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया श्री सोलंकी ठिकाना सोनसर टोंक खुर्द के वरिष्ठ कांग्रेसी कांग्रेस नेता गोकुल सिंह सोलंकी के पुत्र हैं श्री सोलंकी की नियुक्ति से क्षेत्र के ग्रामीण जनों में हर्ष व्याप्त है वही श्री सोलंकी को जिला महामंत्री नियुक्त किए जाने पर ग्रामीण जनों ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सोनकच्छ विधायक सज्जन सिंह वर्मा का आभार माना है।

# बैंगलुरू में हुआ भारतीय युवा कांग्रेस का कार्यक्रम

## जिले सहित देशभर से शामिल हुए हजारों पदाधिकारी



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय युवा कांग्रेस का तीन दिवसीय कार्यक्रम बेहतर भारत की बुनियाद पैलेस गार्डन बेंगलुरु कर्नाटक में हुआ। तीन दिनी इस आयोजन में जिले सहित देशभर से हजारों पदाधिकारियों ने इस आयोजन में भाग लिया।अकोदिया से मप्रयुवा कांग्रेस के सचिवष् रईस मंसूरी एवं शोएब लाला और देश भर से हजारों पदाधिकारी भारतीय युवा कांग्रेस के शामिल हुए। रईस मंसूरी ने बताया कि यह एक ऐतहासिक कदम है जिससे भारत मे युवाओं की जिम्मेदारी और भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। वहीं भारत मे बढ़ रही अराजकता, बेरोज़गारी, महिला उत्पीड़न आदि समस्याओं से हमे कैसे निपटना है और समाज मे बढ़ रही नफ़रत को मोहब्बत में बदल के बेहतर भारत की बुनियाद रखनी है। ऐसे अन्य मुद्दों पर वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन हमे प्राप्त होगा एवं देशभर से आए हुए कश्मीर से कन्याकुमारी तक के लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियों के माध्यम से वहाँ की संस्कृति को जानने का समझने का मौका मिलेगा। साथ ही विविधता में एकता का संदेश इस आयोजन के माध्यम से मिलेगा।

### जिले की तीनों विधानसभा में पहुंचेंगे जागरूकता वाहन

# कलेक्टर व स्वीप नोडल अधिकारी ने प्राप्त वाहनों का किया निरीक्षण

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की तीनों विधानसभाओं में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता वाहनों को निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा भेजा गया है। इन वाहनों का निरीक्षण कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कन्याल तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी व जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर द्वारा किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ टैगोर ने बताया कि जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने एवं मतदान से संबंधित प्रक्रिया को सुलभ रूप से समझाने के दृष्टिगत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक मतदाता जागरूकता वाहन रवाना किए जाएंगे। जागरूकता वाहन प्रदेश के समस्त जिलों के प्रत्येक मतदान केंद्रों के साथ भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, हाट-बाज़ार, स्कूल एवं कालेज में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे। सभी जागरूकता वाहनों पर एलईडी वॉल लगाई गई है, जिस पर मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक फिल्मों का प्रदर्शन मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक कर मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसी के साथ जागरूकता वाहनों पर ईवीएम और वीवीपेट का भी प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया सुलभ रूप से दी जाएगी। मतदाता जागरूकता के साथ इन वाहनों का उद्देश्य 2 से 31 अगस्त तक चलने वाले द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2023 अंतर्गत मतदाताओं से अपील कर कहा जाएगा कि जिन मतदाताओं ने 18 वर्ष की उम्र पूरी कर ली है साथ ही जो मतदाता 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है वे अपने मतदान के केन्द पर बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने आवेदन कर सकते है।

# कलेक्टर श्री गुप्ता ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने कलेक्टर कार्यालय परिसर देवास से बुधवार को जिले की विधानसभाओं के लिए मतदाता जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने एवं मतदान से संबंधित प्रक्रिया को सुलभ रूप से समझाने के दृष्टिगत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता वाहन जाएंगे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम देवास श्री टी. प्रतीक राव, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रियंका मिमरोट, संयुक्त कलेक्टर श्री बिहारी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जागरूकता वाहन जिले की विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों के साथ भीड़- भाड़ वाले क्षेत्रों, हाट-बाज़ार, स्कूल एवं कॉलेज आदि में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेगा। सभी जागरूकता वाहनों पर एलईडी वॉल लगाई गई है, जिस पर मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक फिल्मों का प्रदर्शन मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक कर मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसी के साथ जागरूकता वाहनों पर ईवीएम एवं वीवीपेट का भी प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया सुलभ रूप से दी जायेगी। मतदाता जागरूकता के साथ इन वाहनों का उद्देश्य 2 से 31 अगस्त तक चलने वाले द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2023 अंतर्गत मतदाताओं से अपील कर कहा जाएगा कि जिन मतदाताओं ने 18 वर्ष की उम्र पूरी कर ली है साथ ही जो मतदाता 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे अपने मतदान केन्द्र पर बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से भी नाम जोड़ने के लिए आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है। एक माह तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने या मतदाता परिचय पत्र में सुधार हेतु आवेदन प्राप्त करेंगे।

# मंडी बोर्ड के 50 वे स्थापना दिवस पर मंडी में आज कार्यक्रम होगा आयोजित

**सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंडी बोर्ड स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि उपज मंडी सोयत कला में वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज गुरुवार को दोपहर 2 बजे विधायक राणा विक्रमसिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष चिंतामण राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्करराज सिंह जादौन की उपस्थिति में संपन्न होगा। सहायक मंडी सचिव लक्ष्मीकांत त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# मोदी सरकार ने देश की चहुंमुखी प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया

## उत्तराखंड भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया ने पत्रकार वार्ता में कहा

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश की आर्थिक समृद्धि, विकास और बहुआयामी प्रगति के लिए सुशासन एक महत्वपूर्ण कारक होता है। 2003 के बाद से मध्यप्रदेश में भाजपा के शासन और विकास की गति को और अधिक तेज करते हुए 2014 में केंद्र में मोदी जी की सरकार ने देश की चहुंमुखी प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। देश की अभूतपूर्व प्रगति के एक महत्वपूर्ण आधार महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य किया है वह अद्भुत, अकल्पनीय और अभूतपूर्व है। कारण यह है कि स्वतंत्रता के बाद से 60 वर्षों तक कांग्रेस ने देश का बंटाढार तो किया ही, साथ ही इस कुशासन में महिलाओं का आर्थिक पिछड़ापन, अशिक्षा, उनका शोषण और उन पर अत्याचारों से भी नारी शक्ति के इस अभिशाप को भी देश ने सहन किया है। यह बात उत्तराखंड भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संभाग प्रभारी ज्योति दुबे ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। भाजपा कार्यालय पर आयोजित वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह भाजपा की ही महिला हितैषी सरकार है जिसमें महिलाओं को समानता का अधिकार देने के साथ, सम्मान से जीवन यापन और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वावलंबन का कार्य भाजपा की सरकार ने किया है। 2003 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही महिलाओं की उन्नति का जो मार्ग प्रशस्त हुआ, उसके बाद आज महिलाएं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के बराबर ही नहीं वरन् उनसे भी आगे निकल चुकी हैं। प्रदेश और केंद्रीय सरकार के द्वारा महिलाओं के उज्वल भविष्य के लिए अनगिनत प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें मुख्यमंत्री कन्यादान योजना 51000 रु कन्या के खातों में सीधे टांसफर, लाड़ली लक्ष्मी योजना, समाज में कन्या के जन्म को वरदान बनाते हुए प्रत्येक कन्या को जन्म से ही लखपति बनाना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, 1000 रु प्रतिमाह से बढ़ाकर भविष्य में 3000 तक का लक्ष्य, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, करोड़ों बहनों को धुएं के अभिशाप से बचाकर उनके स्वास्थ्य को बचाना, महिलाओं के प्रति अपराधों पर कठोर दण्ड का प्रावधान, मुख्यमंत्री जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री मातृत्व योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना आदि शामिल हैं। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी झालानी, दुर्गा चौधरी जिला प्रभारी, वीणा महाजन महामंत्री, सोशल मीडिया जिला प्रभारी मीना भवालकर, जिला मीडिया प्रभारी रितु सवनेर, जिला मंत्री विनीता व्यास, जिला उपाध्यक्ष मनोरमा सोलंकी, मंडल अध्यक्ष नीतू जाधव, मोनिका शर्मा, माया तिवारी, राजूबाई चौधरी, श्रेया डोंगरा, पुष्पलता सोनगरा आदि उपस्थित थीं। उक्त जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने संयुक्त रूप से दी।




### खुद ही बीमार अस्पताल, गंदगी की भी भरमार

# जगह-जगह पड़ी गंदगी से मरीजों का हो रहा बुरा हाल



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय पर जिलेवासियों के लिए जिला अस्पताल की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन यहां मरीज ठीक होने के बजाए और बुरे हाल में होकर जा रहे हैं। न तो यहां मरीजों के लिए पर्याप्त पलंग हैं। वहीं जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। जिसके चलते यहां आकर मरीज भर्ती तो होते हैं, लेकिन बिना उपचार यहां से रवाना हो रहे है। यह हम नहीं बल्कि यहां से प्रताड़ित होकर निकले मरीज खुद यहां के हालात बयां कर रहे हैं।

ऐसा नहीं कि सफाई और मरीजों की सुविधा के लिए बजट का अभाव है। बल्कि लाखों के टेंडर निजी कंपनियों को दिए गए हैं, लेकिन खर्च हो रहे लाखों रू. का लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा है। हालात ये है कि वार्डों में गंदगी पड़ी है जिसकी बदबू से मरीजों का बुरा हाल हो रहा है। तो मरीजों के लिए पर्याप्त पलंग भी नहीं है। अब सवाल ये उठता है कि जब हर माह कंपनी को लाखों रू. दिए जा रहे हैं तो उसके बदले व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही।

**मरीजों का हो रहा बुरा हाल**

मरीजों ने बताया कि यहां आने के बाद कम बीमार व्यक्ति भी गंभीर बीमारी का शिकार हो जाता है। यहां न तो सफाई की जाती है। मरीज बताते हैं कि कई वार्डों में मल पड़ा हुआ है जिसे हटाने वाला कोई नही है। जिसके चलते यहां उपचार कराने से अच्छा है निजी अस्पतालों में उपचार कराया जाए। कम से कम यहां पैसे देकर बीमारी तो ठीक हो जाती है। इधर जिम्मेदार हैं कि इस ओर ध्यान देना ही नही चाहते।

**एक पलंग पर दो मरीज**

ट्रामा सेंटर में 100 पलंग और बढ़ाने की कवायद की जा रही है। जो कब पूरी होगी किसी को पता नहीं। लेकिन वर्तमान में यहां मरीजों के लिए पलंग ही कम पड़ रहे है। एक दिन पहले भी जहरीले जानवर का शिकार हुए एक व्यक्ति को यहां लाया गया, जिसे भर्ती करने की भी जगह नहीं थी और उसे अन्य मरीज के साथ पलंग बांटना पड़ा। जबकि हर माह यहां लाखों खर्च किए जा रहे हैं ताकि मरीजों को सुविधा मिले। आखिर यह रकम कहां खर्च की जा रही है यह तो जिम्मेदार ही जाने लेकिन यह तो तय है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की फजीहत हो रही है।

**इनका कहना है..**

प्रतिदिन सफाई करवाई जाती है। सफाई का ठेका दिया हुआ है जिनके द्वारा अस्पताल में निगरानी रखी जाती हैं। फिर भी यदि गंदगी का अंबार है तो यह गलत है मैं दिखवाता हूं।

**- डॉ. बीएस मेना, सिविल सर्जन-शाजापुर**

### मुलथान पंचायत में कार्यकर्ता मिलन समारोह आज

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पंचायत मुलथान के एक वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर तहसील स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह 3 अगस्त गुरुवार को विजयश्री होटल में आयोजित किया जा रहा है।क्षेत्रीय विधायक और उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तिगांव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले समारोह की अध्यक्षता सरपंच देवेंद्र मोदी करेंगे।विशेष अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राजेश अग्रवाल,जिला भाजपाध्यक्ष मनोज सोमानी,पूर्व विधायक खेमराज पाटीदार,नगर परिषद अध्यक्ष मीना-शेखर यादव,उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पंवार ÷फुंदा बापू÷,जनपद अध्यक्ष आशा कुंवर-प्रह्लाद सिंह सोलंकी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि रहेंगे।समारोह में एक वर्ष के दौरान पंचायत में हुए एक वर्ष के विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा।इसे लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई है।करीब 500 लोगों का सहभोज भी रखा गया है।सरपंच मोदी ने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# बुलेट पर निकले कलेक्टर, मतदान के लिए शहरवासियों को किया जागरूक

## भोपाल से आए रथ को किया रवाना, निकली बाईक रैली



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इस वर्ष विधानसभा चुनाव होना है जिसके लिए जितने सक्रिय राजनैतिक दल हैं। उतना ही गंभीर जिला प्रशासन भी है, जिनके द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने और मतदाता सूची तैयार करने के साथ और भी कई काम किए जा रहे हैं। बुधवार को भी कलेक्टर खुद बुलेट पर सवार होकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने निकले। पिछले दिनो एक रथ भी भोपाल से जिला मुख्यालय पहुंचा है, जिसे पहले तो कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद खुद बुलेट लेकर खुद भी शहर के भ्रमण पर निकल पड़े और लोगों को जागरूक किया। ताकि अधिक से अधिक मतदान हो और लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान कलेक्टर ने अपने अमले के साथ पूरे शहर का चक्कर लगाया और लोगों से मतदान में भागीदारी करने की अपील की।

**मतदान के प्रति जागरूक हैं शहरवासी**-कलेक्टर श्री कन्याल ने बताया कि शहर में मतदान के प्रति लोग जागरूक हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग भी करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे यहां का एवरेज मतदान प्रतिशत करीब 82 प्रतिशत है। हम चाहते हैं कि यह और बढ़े और अधिक से अधिक लोग इसमें भागीदार बने। खासकर युवा मतदाता जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। ऐसे लोगों को जागरूक करने यह अभियान चलाया गया है। इसके अलावा अन्य मतदाताओं को भी मतदान का महत्व बताने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने का हमारा प्रयास है।

### 8 से शुरू होगी 9 दिवसीय श्रीराम कथा

# श्री शनि विजय हनुमान मंदिर पर किया जाएगा आयोजन, समिति की बैठक में सौंपे दायित्व

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के सोमवारिया बाजार के समीप श्री शनिविजय हनुमान मंदिर प्रांगण में 8 अगस्त से 9 दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के लिए गत दिवस मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन करके आयोजन समिति का गठन किया गया। साथ ही सभी को दायित्व सौंपे गए।



श्री शनि विजय हनुमान मंदिर पर 8 से 16 अगस्त तक आयोजित होने वाली श्रीराम कथा में प्रयागराज उत्तर प्रदेश के श्रीराम कथा वाचक पं. राजेंद्र तिवारी कथावाचन करेंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 से संध्या 5 बजे तक होगा। आयोजन को लेकर गत रात्रि को आयोजित हुई बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मिति से आयोजित समिति का संयोजक श्याम सुंदर शर्मा को बनाया गया। इसी तरह सहसंयोजक राजकुमार शर्मा (कन्नू भैया), कोषाध्यक्ष ललित पालीवाल, व्यवस्थापक ओमप्रकाश आर्य, शोभायात्रा प्रभारी शरद मिश्रा और मनोज गवली, प्रवक्ता पीयूष भावसार, महिला मंडल में संयोजक सुधा शर्मा, सहसंयोजक चेतना शर्मा, व्यवस्थापक प्रेम बाई राजपूत, अंजू कुंभकार को बनाया गया एवं आयोजन संरक्षक के रूप में संरक्षक पं. लक्ष्मणप्रसाद दुबे को दायित्व सौंपा गया। सभी ने बनाए गए पदाधिकारियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान बैठक में सभी आयोजन के लिए दायित्व सौंपे गए। बैठक में तय किया गया कि 8 अगस्त को प्रातः 8 बजे मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में भक्तों को आमंत्रित किया गया है। कथा विश्राम दिवस 16 अगस्त को नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से ममता नागर, आशा सोनी, संदीप गोस्वामी, नीरज द्विवेदी, शिवम शर्मा, शिवम नवाब, दिनेश शर्मा, गोविंद सोनी, बद्रीलाल परमार, नीरज दुबे, ललित कुंभकार, मनीष सोनी, गौरव शर्मा, भजन गायक मोतीलाल उर्फ मुकेश, कैलाश गंधर्व, प्रमोद राजपूत, अनमोल, बालकृष्ण पांचाल, यश पांचाल सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे। बैठक में समस्त रामभक्तों से आग्रह किया गया कि सभी के सहयोग से उक्त आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए संपूर्ण प्रयास करें।

# फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण, जल्द शुरू करने के दिए निर्देश

## शहर में हो सकेगा प्रतिदिन जल वितरण



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में प्रतिदिन जल वितरण हो सके और पर्याप्त जलापूर्ति हो सके। इसके लिए नगर पालिका द्वारा वाटर वर्क्स में बने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने नगर पालिका अध्यक्ष व अधिकारी पहुंचे। नपाध्यक्ष ने अधिकारियों को इसे जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए। गौरतलब है जल शुद्धिकरण केंद्र में करीब 8 साल पहले बने हुए फिल्टर प्लांट में कुछ तकनीकी खामी होने के कारण इसका उपयोग शुरू नहीं किया जा सका था। जिसके चलते इसका उपयोग नहीं हो पा रहा था। जब यह मामला प्रकाश में आया तो इन तकनीकी खामियों को दूर करवाकर नगर में जल वितरण के लिए शुरू कराने की कवायद शुरू की गई थी। ताकि ज्यादा पानी फिल्टर हो सके और पानी के फिल्टर को लेकर परेशानी नहीं आए। वहीं पर्याप्त बारिश होने पर शहरवासियों को प्रतिदिन जल प्रदाय भी किए जाने की नगर पालिका की योजना है। फिलहाल नगर में पुराने दो फिल्टर प्लांट से पानी को फिल्टर करके जल वितरण किया जा रहा है। इसमें एक 3.4 एमएलडी क्षमता वाला और दूसरा 2.7 एमएलडी क्षमता वाला है। इससे आधे नगर में जल वितरण के लिए ही पानी फिल्टर हो पाता है। यदि 16 करोड़ रुपए की लागत से बने हुए तीसरे फिल्टर प्लांट को शुरू कर दिया जाए तो पूरे नगर में एक ही दिन में जल वितरण करने के लिए पर्याप्त पानी फिल्टर हो सकता है। इसके लिए बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन सहित नपा अधिकारी, पार्षद व कर्मचारी पहुंचे थे। जिन्हें नपाध्यक्ष श्री जैन ने जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए।

# संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

**धार/ मनीष जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को अधिक मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर 65 मिनट मे 11 भजनों पर निरंतर संगीतमय 11 हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन हुआ। सम्भवतः जिला मुख्यालय पर पहला अनूठा आयोजन हुआ , जिसमे एक मंच पर निरंतर बिना रुके 11 हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित होना। इस अनूठे आयोजन मे प्रदेश के प्रसिद्ध पवन पुत्र सुंदरकांड मंडल अमझेरा के गायकों द्वारा निरंतर डेढ़ घण्टे तक 11 हनुमान चालीसा पाठ के साथ भजनों ओर कीर्तन पर समा बना दिया। इस भक्ति के सागर मे शहरवासियों समेत जिले अनेक स्थानों से भी श्रोताओं ने उपस्थित होकर प्रभु की भक्ति का लाभ लिया।





शहर के निजी गार्डन मे आयोजित सगीतमय हनुमान चालीसा पाठ की शुरुवात बारिश के चलते शाम 5 बजकर 40 मिनिट पर शुरू हुई जिसमे निरंतर 65 मिनिट तक 11 अलग- अलग भजनों पर हनुमान चालीसा पाठ आयोजित हुए अंत के शेष समय पर भजन व कीर्तन का आयोजन हुआ। भक्ति की अविरल धारा मे अतिथियों समेत अनेक भक्तों ने जमकर नृत्य भी किया।

सभी दलो एवम समाजसेवी संगठन के पदाधिकारी रहे मौजूद

इस आयोजन में गंधवानी विधायक उमंग सिंगार, नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप पटोदिया, पाटीदार समाज प्रांतीय अध्यक्ष कृष्णकांत पाटीदार, प्रदेश कांग्रेस महासचिव कुलदीप सिंह बुंदेला, कांग्रेस नेत्री प्रभा बालमुकुंद सिंह गौतम, माहेश्वरी समाज बाग के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप अगाल, किसान नेता समंदर सिंह पटेल, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कैलाषचन्द्र चौधरी, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजेता त्रिवेदी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष टोनी छाबड़ा, जिला पत्रकार संघ सचिव नितिन सांखला, तहसील पत्रकार संघ बदनावर अध्यक्ष गोवर्धन सिंह डोडिया, महासचिव अनवर मंसूरी, युवक कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम मुवेल, जसवंत सिंह राठौर, खेल प्रकोष्ठ जिला संयोजक लखन सिंह नवासा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ममता जोशी, नरेंद्र सिंह बुंदेला, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे, अमझेरा प्रेस क्लब संरक्षक अभिजीत पंडित, बदनावर जनपद सदस्य बलराम चौधरी, पूर्व पार्षद बंटी डोड, कांग्रेस नेता ब्लॉक कांग्रेस गंधवानी अध्यक्ष सतपाल बरनाल, सरदारपुर नगर परिषद उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान, भाजपा पार्षद अजीत जैन, कांग्रेस नेता स्वतंत्र जोशी सहित अनेक प्रकोष्ठ एवं मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रारंभ में सुंदरकांड मंडल के सदस्यों ललीत शर्मा, अजय शर्मा, हरिष बैरागी, टिकेन्द्र शर्मा, पवन भाई एवं आशीष वर्मा का आयोजन समिति के सदस्यो अशोक जोशी, संयोजक संतोष पाण्डे, हरिकाका केमिस्ट, उपाध्यक्ष सुरेष प्रजापति, सचिव पं. धर्मेन्द्र जोशी, सह सचिव सुरेष परमार, रमेष कष्यप, ओपी सोनी, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सोनी, मीडिया प्रभारी गोपाल खण्डेलवाल ने केसरिया दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रीकांत द्विवेदी ने किया। आभार समिति के अध्यक्ष श्री पंडित छोटू शास्त्री ने माना। कार्यक्रम में भाजपा, कांग्रेस, समाजसेवी, व्यापारी बुद्धिजीवी एवं सामाजिक संगठन के लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गोपाल खंडेलवाल ने दी।

## श्री मिश्रा ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**धार /मनीष जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियां आज से शुरू हो चुकी है। जिसके तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने डीआरपी लाइन और नगर पालिका परिषद धार में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही शा.कन्या महाविद्यालय में छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा की वे युवाओं मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित करें।

## 34वीं वाहिनी विसबल में वृक्षारोपण किया



**धार/मनीष जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पर्यावरण संरक्षण एवं परिसर को हरा-भरा बनाये रखने के उद्देश्य से बुधवार को 34वीं वाहिनी विसबल धार में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें 34वीं वाहिनी विसबल धार के कमाण्डेंट श्री भगवत सिंह विरदे , डिप्टी कमाण्डेंट श्रीमती रचना भदौरिया सहित कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा बडी संख्या में पौधों का रोपण किया तथा पौधों की देखभाल हेतु संकल्प लिया गया।

## 31 सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किए



**धार/मनीष जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के द्वारा बुधवार को कलेक्टोरेट सभागृह में गत माह में सेवानिवृत्त हुए 31 शासकीय कर्मचारियों का सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किया जाकर शाल एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती भवगती काग एवं पेंशनर संघ के महामंत्री श्री शैलेन्द्र तिवारी व कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार वर्मा भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आदिवासी विकास के 15, स्वास्थ्य विभाग के 4, उद्यानिकी के 2, गृह विभाग के 4 तथा लोक निर्माण विभाग, भूमि संरक्षण, परिवहन, तकनीकी, वाणिज्यकर विभाग, पशुपालन विभाग के एक-एक कर्मचारी शामिल है।

# मुख्यमंत्री चौहान ने बाबा बैजनाथ में 18.90 करोड़ के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यां का किया भूमि-पूजन

**बाबा बैजनाथ लोक होगा भव्य निर्माण ››बाबा बैजनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की**

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विकास पर्व अन्तर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज आगर-मालवा पहुंचकर प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ मंदिर में 18.90 करोड़ के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यां का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महाँकाल लोक की तर्ज पर बाबा बैजनाथ लोक का भव्य निर्माण करवाया जाएगा। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंदिर में पहुंचकर बाबा बैजनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग मंत्री तुलसी सिलावट, जिला खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, विधायक विक्रम सिंह राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्नाबाई चौहान, पूर्व विधायक गोपाल परमार, लालजीराम मालवीय, श्रीमती रेखा रत्नाकर, श्री बद्रीलाल सोनी, जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कमिश्नर राजस्व संभाग उज्जैन डॉ. संजय गोयल, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष कौरी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेवात में तीर्थ यात्रियों पर पथराव और आगजनी के खिलाफ विहिप और बजरंग दल का प्रदर्शन

**(फूंका आंतकवाद का पुतला, दोषियों पर कार्रवाई की मांग)**

**धार/मनीष जैन/मालवा हेराल्ड।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा हरियाणा राज्य के मेवात में शिव पूजन के लिए गए तीर्थ यात्रियों पर पथराव और आगजनी की घटना के विरोध में शहर में प्रदर्शन किया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के मोहन टॉकीज चौराहे पर नारेबाजी कर आंतकवाद का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। बडी संख्या में कार्यकर्ताओं ने लालबाग से रैली निकालते हुए मोहन टॉकीज पहुंचे और आतंकवाद के विरुद्ध प्रदर्शन एवं पुतला दहन एवं व्यापक प्रदर्शन किया गया।




बुधवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता बडी संख्या में लालबाग पर एकत्रित हुए जहां से नारेबाजी करते हुए पैदल रैली निकालकर शहर के मोहन टॉकीज चौराहे पर आंतकवाद का पुतला दहन किया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं मेवात में हुई घटना शामिल लोगो पर कडी कार्रवाई की मांग की है।

बजरंग दल के विभाग संयोजक लाखन सिंह जादौन ने बताया कि हरियाणा के मेवात की घटना हिंदू समाज के लोगो को घेरकर पत?थरबाजी और गोलिया चलाई गई है जिससे वहां हिंदू समाज के दो लोगो की मौत हुई है। कई परिवारों के घरो को जलाया गया है जिसके खिलाफ मोहन टॉकीज चौराहे पर जिहाद और आंतकवांद का पुतला दहन किया गया है।

# जननायक टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने पर वन विभाग ने ली आपत्ती

**(आदिवासी समाजजन ने जताई नाराजगी, वन विभाग की है जमीन)**

**धार/ मनीष जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार आदिवासी समाज को रिझाकर प्रदेश की सत्ता में चौथी बार काबिज होने का सपना देख रही है। साथ ही आदिवासी नायकों और समाजजनों को हर तरह से मनाने में लगी हुई है। लेकिन प्रदेश में लगातार आदिवसी वर्ग के साथ हो रही घटनाएं और आदिवासी जननायकों का अपमान करने का मामला थम नहीं रहा है। ऐसा ही एक मामला धार के तिरला स्थित वन परिक्षेत्र तिरला में सामने आया है। यहां तिरला के ग्राम सेमलीपुरा स्थित मिया पहाड़ी पर गत 30 जुलाई को आदिवासी क्रांतिकारी जननायक टंट्या मामा की प्रतिमा का लोकार्पण गंधवानी विधायक उमंग सिंघार ने किया। प्रतिमा स्थापित होने के बाद वन विभाग ने इस पर आपत्ती ले ली है। वन विभाग की आपत्ती के चलते आदिवासी समाज में नाराजगी देखने को मिल रही है।



दरअसल टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने पर वन विभाग धार की तरफ से आदिवासी समाजजनों को तलब कर लिया गया था। इस कारण मंगलवार को बड़ी संख्या में आदिवासी समाजजन धार डीएफओ कार्यालय पहुंचे थे। यहां पर समाजजनों ने डीएफओ मयंक गुर्जर से मुलाकात की। इस पर डीएफओ ने बगैर अनुमति प्रतिमा लगाने पर आपत्ती लेते हुए जांच करवाने की बात कही है। दरअसल जिस जमीन पर प्रतिमा स्थापित की वह जमीन वन विभाग की है।

इस कारण वन विभाग ने बगैर अनुमति प्रतिमा स्थापित करने की बात कहते हुए आपत्ती ली है। डीएफओ मयंक गुर्जर ने इस मामले में जांच करवाने की बात कही है। वहीं समाजजनों का कहना है कि यहां पर पहले से मंदिर है। जननायक टंटया मामा आदिवासी वर्ग के लिए आराध य है इसलिए वहां पर उनकी प्रतिमा लगाई है। प्रतिमा लगाने से पहले ठहराव प्रस् ताव भी ग्राम सभा में पास किया गया है। दरअसल इस आयोजन की तैयारियां एक पखवाड़े से चल रही थी। लेकिन प्रतिमा लगने के बाद वन विभाग की नींद खुली और विभाग अब जांच करवाने की बात कह रहा है। साथ ही अतिक्रमण के भी नजरिए से देखा जा रहा है।

### मामला विस्तार से

गंधवानी विधानसभा में आने वाले तिरला ब्लॉक के ग्राम सेमलीपुरा की मिया पहाड़ी पर 30 जुलाई को जननायक क्रांतिकारी टंट्या मामा की प्रतिमा स् थापित की गई थी। प्रतिमा का लोकार्पण गंधवानी से कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार ने किया था। इसमें बड़ी संख या में लोगों की सहभागिता रही। इस आयोजन के बाद राजनीतिक माहौल गर्मा गया। आयोजन के दिन दो बाद वन विभाग इस मामले में जागा और समाजजनों और आयोजनकर्ताओं को तलब कर आपत्ती दर्ज करवा दी। साथ ही अब जांच की बात कहते हुए बचता नजर आ रहा है। वहीं इस मामले में अब आदिवासी समाज में रोष देखने को मिल रहा है।

## श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर निकला चल समारोह



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भावसार समाज श्रीराम मंदिर महिला भजन मंडली द्वारा अधि. श्रावण मास के अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन पं. विजय शर्मा के श्रीमुख से प्रारंभ हुआ। कथा प्रारंभ अवसर पर भागवत चल समारोह निकाला गया जिसमें धर्मालुजों ने भागवत पौथी को सर पर धारण कर ढोल के साथ नृत्य करते हुए अगवानी की। चल समारोह प्रमुख मार्गो से होता हुए श्रीराम मंदिर परिसर पहुंचा जहां पर सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर पं. श्री शर्मा द्वारा उपस्थित धर्मालुजों को भागवत कथा को प्राणी मात्र की मुक्ति का साधन बताया। भागवत कथा के प्रथम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## जम्मू कश्मीर की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का तीन दिवसीय संगठनात्मक प्रवास

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी जम्मू कश्मीर की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संजीता डोगरा बड़नगर शहर में तीन दिवसीय संगठनात्मक प्रवास दौरे पर है और महिला मोर्चा मंडल और भाजपा के विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ताओं के अंदर मध्य प्रदेश में कमल का फूल खिलाने को लेकर उमंग उत्साह का जोश भरते हुए दिखाई दे रही है इस प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रम महिला मोर्चा द्वारा किए जा रहे हैं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संपर्क वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क एवं संवाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व सहायता समूह की बहनों से संवाद धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया गया अन्य कार्यक्रम नवीन मतदाताओं से संपर्क इस तरह भिन्न-भिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस दौरान बड़नगर विधानसभा खाचरोद नागदा विधानसभा एवं घटिया विधानसभा के सभी जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता भाई-बहन उपस्थित रहे।

# अधिक मास का अनूठा आयोजन, 11 बार हुआ संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ

**धार/आशीष-पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को अधिक मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर 65 मिनट मे 11 भजनों पर निरंतर संगीतमय 11 हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन हुआ। सम्भवतः जिला मुख्यालय पर पहला अनूठा आयोजन हुआ , जिसमे एक मंच पर निरंतर बिना रुके 11 हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित होना। इस अनूठे आयोजन मे प्रदेश के प्रसिद्ध पवन पुत्र सुंदरकांड मंडल अमझेरा के गायकों द्वारा निरंतर डेढ़ घण्टे तक 11 हनुमान चालीसा पाठ के साथ भजनों ओर कीर्तन पर समा बना दिया। इस भक्ति के सागर मे शहरवासियों समेत जिले अनेक स्थानों से भी श्रोताओं ने उपस्थित होकर प्रभु की भक्ति का लाभ लिया। शहर के निजी गार्डन मे आयोजित सगीतमय हनुमान चालीसा पाठ की शुरुवात बारिश के चलते शाम 5 बजकर 40 मिनिट पर शुरू हुई जिसमे निरंतर 65 मिनिट तक 11 अलग- अलग भजनों पर हनुमान चालीसा पाठ आयोजित हुए अंत के शेष समय पर भजन व कीर्तन का आयोजन हुआ। भक्ति की अविरल धारा मे अतिथियों समेत अनेक भक्तों ने जमकर नृत्य भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अमझेरा सुंदरकांड मंडल के सदस्य ललीत शर्मा, अजय शर्मा, हरिष बैरागी, टिकेन्द्र शर्मा, पवन भाई एवं आशीष वर्मा का आयोजन समिति के सदस्य अशोक जोशी संयोजक संतोष पाण्डे, हरिकाका केमिस्ट, उपाध्यक्ष सुरेष प्रजापति, सचिव पं. धर्मेन्द्र जोशी ,सह सचिव सुरेश परमार, रमेश कश्यप, ओपी सोनी, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सोनी, मीडिया प्रभारी गोपाल खण्डेलवाल ने केसरिया दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। इस आयोजन में गंधवानी विधायक उमंग सिंगार, नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल,






पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप पटोदिया, पाटीदार समाज प्रांतीय अध्यक्ष कृष्णकांत पाटीदार, प्रदेष कांग्रेस महासचिव कुलदीप सिंह बुंदेला, कांग्रेस नेत्री प्रभा बालमुकुंद सिंह गौतम, माहेश्वरी समाज बाग के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप अगाल, किसान नेता समंदर सिंह पटेल, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कैलाशचंद्र चौधरी, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजेता त्रिवेदी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष टोनी छाबड़ा, जिला पत्रकार संघ सचिव नितिन सांखला, तहसील पत्रकार संघ बदनावर अध्यक्ष गोवर्धन सिंह डोडिया, महासचिव अनवर मंसूरी, युवक कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम मुवेल, जसवंत सिंह राठौर, खेल प्रकोष्ठ जिला संयोजक लखन सिंह नवासा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ममता जोशी, नरेंद्र सिंह बुंदेला, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे, अमझेरा प्रेस क्लब संरक्षक अभिजीत पंडित, बदनावर जनपद सदस्य बलराम चौधरी, पूर्व पार्षद बंटी डोड, कांग्रेस नेता ब्लॉक कांग्रेस गंधवानी अध्यक्ष सतपाल बरनाल, सरदारपुर नगर परिषद उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान, भाजपा पार्षद अजीत जैन, कांग्रेस नेता स्वतंत्र जोशी सहित अनेक प्रकोष्ठ एवं मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रीकांत द्विवेदी ने किया। आभार समिति के अध्यक्ष पंडित छोटू शास्त्री ने माना। कार्यक्रम में भाजपा, कांग्रेस, समाजसेवी, व्यापारी बुद्धिजीवी एवं सामाजिक संगठन के लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गोपाल खंडेलवाल ने दी।

## अ.भा. क्षत्रिय महासभा द्वारा श्रावण मास में अभिषेक पूजन



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम सिंगावदा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा सावन के महीने में देवनारायण, भगवान पर एक माह का अभिषेक पूजन किया गया जिसकी पूर्ण आहुति अ.भा. राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा संगठन मंत्री डॉ, नरेंद्र सिंह राजावत की उपस्थिति में की गई । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेंद्रसिंह को मनोनित होने पर उन्हें नियुक्ति पत्र भेंट कर स्वागत किया गया। आयोजन के दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह, चंद्रभान सिंह नौगांव, जिला पंचायत अध्यक्ष सभापति अंतरसिंह देवड़ा, कुं. वीरेंद्रसिंह राठौड़ नौगांवा, रणवीर सिंह अमला फोर्ट, बाबू सिंह कुशवाह, विजय पाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह बरडिया, दिलराज सिंह रतलाम उमर, मांधाता सिंह, ठा पदम सिंह खंडवा बीबी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह खेडावदा, ठा भानु प्रताप सिंह भाटपचलाना, ठा बलदेव सिंह मकड़ावन, शैलेंद्र सिंह झुमकी, महेंद्र सिंह रणावदा, यदु पाल सिंह गावडी, विश्वराज सिंह, सक्तावत सुरेश पटेल, गोपाल चौधरी, डॉ. भंवर लाल चौधरी, भोम सिंह, तिरपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

# मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ, नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए चलेगा विशेष अभियान - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा

**धार/आशीष-पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना हैं, जिसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर गतिविधियां शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की गतिविधियां बुधवार से प्रारंभ हो गई है। जो आगामी 31 अगस्त तक चलाई जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की प्रति उपलब्ध कराई गई। साथ ही मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। उन्होंने कहा की बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहेंगे। आगामी 3 अगस्त से 10 अगस्त तक सेक्टर अधिकारी बीएलओ और मतदाताओं की उपस्थिति में मतदाता सूची का वाचन करेंगे। एक घर में छह से अधिक मतदाता होने पर सेक्टर अधिकारी द्वारा उनका भौतिक सत्यापन किया जाएगा। दो अगस्त से 31 अगस्त के बीच प्रत्येक कार्यदिवस पर बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। कलेक्टर द्वारा डीआरपी लाइन और नगर पालिका परिषद धार में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही शा.कन्या महाविद्यालय में छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा की वे युवाओं मतदाताओं को मतदाता





सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित करें। कलेक्टर मिश्रा ने बताया की द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 12, 13 और 19 एवं 20 अगस्त को लगाएं जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। इसके साथ ही जो नागरिक 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जाएंगे। आगामी 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। चार अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मिश्रा ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के सफल संचालन हेतु विधानसभावार कुल 197 सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किए जाने के आदेश जारी किए है। इनमें 179 सेक्टरवार नियुक्त किए गए है। इसके अलावा18 रिर्जव में रखे गए है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सरदारपुर के लिए 26 सेक्टर ऑफिसर एवं 2 रिर्जव, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गंधवानी के लिए 24 सेक्टर ऑफिसर, 3 रिर्जव, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कुक्षी के लिए 28 सेक्टर ऑफिसर, 2 रिर्जव, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मनावर के लिए 24 सेक्टर ऑफिसर, 3 रिर्जव, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र धरमपुरी के लिए 25 सेक्टर ऑफिसर, 2 रिर्जव, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बदनावर के लिए 23 सेक्टर ऑफिसर, 3 रिर्जव तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र धार के लिए 29 सेक्टर ऑफिसर एवं 3 रिर्जव में रखे गए है।

## एसडीएम शिवानी तरेटिया ने कार्यभार संभाला



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अनुविभागीय अधिकारी के रुप में शिवानी तरेटिया ने कार्यभार संभालते हुए तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। आपने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का मूर्त रुप प्रदान करने एवं शासन की महत्वपूर्ण योजना लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ भी अधिक से अधिक लाभार्थियों को पहुंचाने की बात कही ।

# जन अपेक्षाओं पर आधारित होते है पार्षदों के प्रस्ताव इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें - महापौर मुकेश टटवाल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के आम नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करना जनप्रतिनिधियों को दायित्व है। पार्षदों के प्रस्ताव अनुसार कार्य समय सीमा में पूर्ण कराए जाना सुनिश्चित करें।



यह निर्देश महापौर श्री मुकेश टटवाल ने दिये हैं। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में आपने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान परिषद के गठन को एक वर्ष पूर्ण हो रहा है, हमारे पार्षदों ने अपने वार्डो हेतु अनेक प्रस्ताव दिये हैं किन्तु इन प्रस्तावों पर सन्तोषजनक कार्यवाही नहीं होना ठीक नहीं। समस्त झोनल अधिकारी तत्काल पार्षद प्रस्ताव अनुसार निर्माण कार्यो के प्रकरणों को गति दें। इसी प्रकार महापौर मद एवं निगम मद के कार्यो को भी निश्चित समय सीमा में पूर्ण कराएं।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने झोन स्तर पर प्रचलित विभिन्न कार्यो की समीक्षा की और कार्य की धीमी गति के कारण पूछे, समस्याएं जानी और समाधन हेतु सम्बंधितों को निर्देशित किया। आपने यंत्रियों के साथ ही झोनल अधिकारियों से भी चर्चा की और प्रकरणों के प्रचलित होने सम्बंधी जानकारी चाही।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने निर्देशित किया कि समस्त झोन अन्तर्गत कौन कौन से प्रकरण किन अधिकारियों के पास लम्बित हैं मुझे सूचि प्रेषित करें।

निर्देशित किया कि जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनके भुगतान प्रकरण प्रचलित करें, सभी अधिकारी 3 बजे से 5 बजे तक मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

बैठक में अनुपस्थित होने वाले समस्त अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

लोक निर्माण विभाग प्रभारी श्री शिवेन्द्र तिवारी ने विभिन्न निर्माण कार्यो के प्रचलन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला और समस्त प्रचलित कार्यो को गति देने पर जोर दिया।

महापौर ने कम्पाउण्डिग कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की ओर निर्देशित किया कि यह निगम हित से जुड़ा विषय है इसे गंभीरता से लें।

बिना अनुमति तथा अनुमति के विरूद्ध बने निर्माण कार्यो के लिये जहां कम्पाउण्डिंग की कार्यवाही नही हो पा रही हो वहां अवैध निर्माण के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें।

के.डी. गेट चौड़ीकरण के कार्य में आने वाली समस्याओं को तत्काल दूर कराएं और इस मार्ग का कार्य तत्काल पूर्ण कराएं।

जितने निर्माण कार्य के भूमिपूजन आदि हों उनके सम्बंध में पहले मुझ से चर्चा करें, मेरी अनुमति के बिना कोई कार्य ना किया जाए यह स्पष्ट निर्देश हैं इनका पालन किया जाए।

उद्यान विकास पर चर्चा करते हुए आपने कहा कि अनेक संस्थाएं और व्यक्ति उद्यान गोद लेना चाहते है, उन से सम्पर्क करें।

बैठक में लोक निर्माण विभाग प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य श्री शिवेन्द्र तिवारी, उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री आर.आर. जारौलिया, कार्यपालन यंत्री श्री पी.सी. यादव, श्री जगदिश मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


# संत रविदास मंदिर के लिये एक साथ 100 करोड़ जारी करें

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश के झूठे घोषणावीर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान मामा ने वर्ष 2009 में संत रविदास महाकुम्भ में उज्जैन में लाखों समाजजन (रविदास समाज) के सामने झूठी घोषणा संत रविदास स्मारक उज्जैन में बनाने की कि थी। इसके साथ तीन अन्य घोषणाएं संत रविदास घाट शिप्रा तट पर कीर्ति स्तंभ, वृंदावन पुरा गुरुद्वारे में गुरु रविदास जी की जीवनी एवं उनके दोहे कलाकृतियां बनाना, आदि करके गये थे। आज 14 वर्ष बाद भी पूरी नही की।

वहीं दूसरी ओर उज्जैन के महापौर को रविदास घाट से शौचालय हटाने के लिए निवेदन किया गया था तब उन्हें गुरु रविदास जी का सम्मान याद नहीं आया। चुनाव आये फिर संत रविदास जी याद आ गये। फिर 100 करोड़ से संत रविदास मंदिर के निर्माण के नाम पर संत रविदास समाज को धोखा देने आ गये है। संत रविदास मंदिर 100 वर्ष में बनाएंगे इनकी कथनी और करनी में अंतर है। जितने का मंदिर नही बन जायेगा उससे ज्यादा करोड़ो में पूरे मध्यप्रदेश में यात्रा में खर्च किया जा रहा है। लोगों को पैसा देकर बुलाया जा रहा है आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहनों को भीड़ जुटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। लेकिन अब संत रविदास समाज के लोग इनके बहकावे में नही आने वाले है। जो यात्रा में शामिल है वह भाजपा कार्यकर्ताओ की भीड़ है, शासन प्रशासन का इस्तेमाल किया जा रहा है। सामाजिक संगठन इनका समर्थन नही कर रहे है। यह यात्रा केवल चुनावी प्रचार प्रसार है। मुख्यमंत्री मामा सिर्फ़ संत रविदास जी और संत रविदास समाज को मामू बना रहे। रविदास गुजराती सूर्यवंशी समाज संघ ने मांग की है कि एक साथ 100 करोड़ संत रविदास मंदिर के लिये जारी करें और उज्जैन की संत रविदास स्मारक की घोषणा पूरी करें। अगर शिवराजसिंह चौहान संत रविदास जी को मानते है। समाज भाजपा से जुड़े लोगों से पूछे संत रविदास स्मारक के लिये क्या लड़ाई लड़ी और क्यों नही बना उज्जैन में संत रविदास स्मारक समाज का भला ही करना चाहते हैं तो समाज को नेतृत्व क्यों नहीं देते।

विधानसभा चुनाव की तैयारियां

## राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय आज नगर में



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भरतीय जनता पार्टी, जिला उज्जैन ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र बड़नगर द्वारा विधानसभा सम्मेलन का आयोजन 3 अगस्त गुरुवार को प्रातः 9 बजे स्थानीय शांतिवाटिका मे रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सांसद अनिल फिरोजिया एवं जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुण्डला का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने आग्रह भाजपा के नगर मण्डल अध्यक्ष श्याम शर्मा, खरसोद कला मण्डल अध्यक्ष कुलदीप बना, बड़नगर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष अजय यादव, इंगोरिया मण्डल अध्यक्ष इन्द्रपालसिंह पण्डया ने किया है। उक्त जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी गौरव जैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## ग्राम शेरपुर बालोदा के ग्रामीण ने पटवारी हल्का नंबर 81 अब्दुल शकील खान पर लगाया रिश्वत लेने का आरोप



**महिदपुर/यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मामला महिदपुर तहसील के शेरपुर बालोदा हल्का नंबर 81 का हे यह के किसान ने पटवारी पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है किसान करण पिता अमर सिंह ने जानकारी देते हुवे बताया की पटवारी अब्दुल शकील खान हमारे गांव शेरपुर बालोदा हल्का नंबर 81 के पटवारी है इन्होंने मुझसे बटवारे के लिए 1लाख 60 हजार रुपए बटवारे के लिए रानी पूरा फटे पर लिए थे.... इतनी रकम देने के बाद भी पटवारी ने मेरे साथ असमान बटवारा किया मुझे मेरे हिस्से में 4 बीघा जमीन कम कर दी और पावती के 10 हजार भी अलग से मांगे इसकी शिकायत मेने अनुविभगीय अधिकारी को भी करी पर मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई उसके बाद मैने शिकायत उज्जैन कलेक्टर जनसुनवाई के दौरान की वह पर कलेक्टर सहाब ने कहा हे की जो आवश्यक कार्यवाही हे वह की जाय देखना यह है की कलेक्टर सहाब पटवारी अब्दुल शकील खान पर क्या कार्यवाही करते हे।

# तीन अधिकारी कर्मचारियों को 2 वेतन वृद्धि रोकने के कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निगमायुक्त श्री रोशन कुमार सिंह द्वारा बुधवार को प्रोजेक्ट सेल बैठक में पूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं कराने एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन अधिकारी कर्मचारियों को 2 वेतन वृद्धि रोकने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए।

कार्यपालन यंत्री श्री जगदीश मालवीय द्वारा समीक्षा में दौलतगंज सब्जी मण्डी की रिक्त भूमि पर काम्पलेक्स निर्माण की प्रकरण पत्रिका एवं प्रचलित विकास योजना को समाहित कर प्रचलित एस.ओ. आर के आधार पर विस्तृत कार्यो की कोई भी जानकारी समीक्षा में प्रस्तुत नहीं किए जाने, सुधीर भारती सहायक वर्ग-3 द्वारा बैठक में समीक्षा का विस्तृत एजेण्डा प्रस्तुत नही करने साथ ही दौलतगंज सब्जी मण्डी की रिक्त भूमि पर काम्पलेक्स निर्माण की प्रकरण पत्रिका संबंधी तथा अन्य जानकारी प्रस्तुत नहीं करने, तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खण्ड के सम्पूर्ण कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि हरिनारायण ऐरवाल उपयंत्री को अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने के लिए विगत समीक्षा में 900 संयोजनों का लक्ष्य प्रदान करने पर इनके द्वारा मात्र 14 संयोजनों पर कार्यवाही की गई। उक्त स्थिति से स्पष्ट प्रतीत होता है कि इनके द्वारा कार्य में रूचि नही ली जा रही है। निगम आयुक्त द्वारा उक्त तीनों अधिकारी कर्मचारी को 2 वेतन वृद्धि रोके जाने के संबंध में अपना समाधान कारक प्रति उत्तर 24 घण्टे की समयावधी में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया हैं।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**अकोदिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के प्रतिष्ठीत व्यावसायी समाजसेवी अशोक लाहोटी व अनिल लाहोटी व् लाहोटी परिवार द्वारा पूज्य पिता स्व.मांगीलाल लाहोटी की स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 2 अगस्त से 8 अगस्त तक स्थानीय सार्वजनिक धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन शाम 7 बजे जे रात्रि 10 बजे तक भागवत कथा वाचक पंडित दिलीप आनंद कृष्ण जी महाराज के मुखारविन्द से ज्ञान की गंगा बहेगी।



कथा के शुभारम्भ अवसर पर भव्य कलश यात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के विभिन्न मागों से निकली। कलश यात्रा एवं भागवत जी व् कथावाचक पंडित दिलीप आनंद कृष्ण जी महाराज का स्वागत किया गया। लाहोटी परिवार ने सभी नगर व क्षेत्रवासियो से कार्यक्रम में पधारकर आयोजन को सकल बनाने का अनुरोध किया है।

## प्रधानमंत्री जी द्वारा इस वर्ष को मीलेटस् मतलब मोटा अनाज का वर्ष घोषित किया



**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा इस वर्ष को मीलेटस् मतलब मोटा अनाज का वर्ष घोषित किया है इस उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा उन्हेल मंडल द्वारा मोटा अनाज कार्यक्रम रखा गया जिसमें जम्मू कश्मीर की प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय दीदी संजीता डोगरा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा सोनी मनीषा शर्मा कौशल दीदी मंडल अध्यक्ष पीयूष कुमार गुप्ता नगर परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय माया टेलर अनिता सोनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई मुख्य अतिथि आदरणीय संजीता डोगरा ने मोटे अनाज के महत्व पर प्रकाश डाला मंडल अध्यक्ष पीयूष कुमार गुप्ता द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया स्वागत भाषण महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष माया टेलर द्वारा किया गया संचालन मंडल महामंत्री अनीता सोनी ने किया कार्यक्रम में कला जयसवाल नर्मदा नंदेड़ा रेखा मकवाना प्रियंका माली सपना दसोरा राधा परमार मीना धाकड़ पार्वती प्रजापति मधु धाकड़ आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित हुई।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में आज 80 यात्रियों का जत्था सुजालपुर रेलवे स्टेशन से रामेश्वर के लिए हुए रवाना



**शुजालपुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार हर तबके को तीर्थ करा रही है जहां इसी कड़ी में अब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रदेशभर के यात्रियों को रामेश्वर धाम की यात्रा कराई जाएगी जहां इसी कड़ी में आज बुधवार को शाजापुर जिले से 80 यात्रियों का दल रामेश्वर धाम के लिए शुजालपुर पुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ जहां इसी कड़ी यात्रियों का शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर नगर परिषद अध्यक्ष सुजालपुर बबीता परमार के द्वारा पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही एसडीएम सत्येंद्र कुमार भी मौजूद रहे जहां यात्रियों का हरफूल से स्वागत कर बैंड बाजे के साथ रामेश्वरम तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया।

# शासकीय विक्रम महाविद्यालय ने डॉ ललिता निगम को भावभीनी विदाई दी

**खाचरोद /दैनिक मालवा हैराल्ड/ मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के खाचरोद शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरोद डॉ. प्रभारी प्राचार्य डॉ ललिता निगम ने अपनी सेवा के 42 वर्ष पूर्ण कर 31 जुलाई 2023 को सेवा पूर्ण की इस अवसर पर नवागत प्राचार्य डॉ. प्रदीपसिंह राव की अध्यक्षता में और जनभागीदारी अध्यक्ष श्री अमित सेठी पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष नितिश सिसोदिया,सांसद प्रतिनिधि भरत काकर एवं विधायक प्रतिनिधि अरुण पाटीदार की विशेष उपस्थिति में विदाई समारोह आयोजित किया गया इस आयोजन में विधायक दिलीपसिंह गुर्जर,नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा और उपाध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही समारोह में बड़नगर महाविद्यालय नागदा के शासकीय महाविद्यालय शासकीय कन्या महाविद्यालय नागदा शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के प्राचार्य प्राध्यापकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई महाविद्यालय स्टाफ की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ लीला डावर,डॉ.एम एस मेघवाल,डॉ उमेश अग्रवाल डॉ. ज्योति यादव डॉ. नलिनी पाटोलिया, डॉ अर्चना ललावत एवं अतिथि विद्वानों स्वागत किया बड़ी संख्या में छात्र नेताओं ने स्वागत किया इस अवसर पर डॉ. निगम ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि इस नगर ने मुझे जो कुछ दिया वह अविस्मरणीय है एक महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने मेरे सुख दुख में साथ दिया जिसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगी महाविद्यालय स्टाफ ने प्रतीक चिन्ह एवं शाल श्रीफल से डॉ. निगम के गुरु श्री भट्ट की उपस्थिति में गरिमामय अभिनंदन किया संचालन डॉ. चित्रेश काला ने किया आभार डॉ. लीला डावर ने किया इसके पश्चात शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सभी सुधि जन उपस्थित रहे।



## कावड़ यात्रा का समाजसेवी शर्मा के नेतृत्व मे भव्य स्वागत



**अकोदिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हिन्दू युवा वाहिनी कुरावर के तत्वाधान मे सोमवार से प्रारम्भ हुई कावड़ यात्रा बुधवार को अकोदिया पहुंची। जहा पर समाजसेवी सब्जी विक्रेता अरुण शर्मा बाबा के नेतृत्व मे कावड़ यात्रा का श्री हनुमान मंदिर पर स्वागत किया गया। कावड़ यात्रा के नगर प्रवेश होते ही बोल बम व हर हर महादेव के जयकारों से नगर गुंजायमान हो गया। पुष्पवर्षा से कावड़ियों का स्वागत किया गया।स्वागत अवसर पर पीरुलाल राठौर, राजू पाटीदार, संजय शर्मा, रामचंद्र शर्मा,पन्नालाल मीणा,सोनू अंसल,हरीश जाट, आयुष चांडक, शुभम शर्मा, अनुज शर्मा, शरद जैन,जीतेन्द्र विश्वकर्मा, अमित ठाकुर, अक्षत शर्मा, जैकी सोनी,गोलू गुप्ता, रवि सोनी, कालू मेवाड़ा आदि उपस्थित रहे।

# कृषि उपज मंडी में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण 3 अगस्त को मनेगा स्वर्ण जयंती महोत्सव

**महिदपुर/यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड गठन के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष में कृषि उपज मंडी कार्यालय महिदपुर में निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में किसान बंधुओ, हम्माल तुलावटी बंधुओं एवं व्यापारीयो समेत आम नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शासकीय चिकित्सालय महिदपुर के डॉक्टर शकील नागौरी के निर्देशन में स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडी सचिव आश्विन सिन्हा समेत मंडी अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।इसी क्रम में 3 अगस्त को कृषि उपज मंडी प्रांगण में स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है मुख्य अतिथि माननीय श्री बहादुरसिंह जी चौहान क्षेत्रीय विधायक महिदपुर एवम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमान बृजेश सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।




स्वर्ण महोत्सव के उपलक्ष में सर्वाधिक मंडी को राजस्व भुगतान करने वाली व्यापारिक फर्मो का सम्मान एवं मंडी समिति में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मचारियों तथा वर्तमान में सेवारत कर्मचारियों का सम्मान किया जावेगा।

मंडी सचिव आश्विन सिन्हा ने मंडी क्षेत्र के समस्त किसान बंधुओं व्यापारियों एवम हम्माल तुलावटी बंधुओं से अनुरोध कर उक्त कार्यक्रम में सहभागिता करने का अनुरोध किया है।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान को बाणगंगा का जल एवं बाबा बैजनाथ की मिट्टी की भेंट

**संत शिरोमणि रविदास समरसता यात्रा का जिले में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत्**

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संत शिरोमणि रविदास जी के मंदिर निर्माण हेतु जल एवं मिट्टी संग्रहण करने के लिए पूरे प्रदेश में समरसता यात्रा निकाली जा रही है, समरसता यात्रा ने 01 अगस्त को जिले के ग्राम तनोड़िया से जिले में प्रवेश किया। समरसता यात्रा अगले दिन 02 अगस्त को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जनदर्शन का हिस्सा बनी तथा पूरे नगर में भ्रमण किया। बाबा बैजनाथ मंदिर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान को जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर एवं समरसता यात्रा प्रभारी श्री कैलाश कुंभकार ने बाणगंगा नदी का जल एवं बाबा बैजनाथ परिसर की मिट्टी का कलश सप्रेम भेंट किया। समरसता यात्रा नगर भ्रमण करते हुए छावनी नाका चौराहा पहुंची, जहां मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संत शिरोमणि रविदास जी की चरण पादुका और कलश का पूजन किया। इस अवसर पर संत स्वामी शैलेशानंद गिरी, महामंडलेश्वर श्री पंच दशनाम, संस्थापिका भारत माता मंदिर आलमपुर साहणी हेमलताजी दीदी, कृष्णानंदजी महाराज बगुलामुखी पीठाधीश उज्जैन, यात्रा संभाग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद प्रेमसिंह चौहान विकासखंड समन्वयक मदनलाल मालवीय, प्रकाश चंद्र शर्मा, सत्यनारायण सोनी व अन्य कोर ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे ।



# पटोंदिया की मजबूत दावेदारी के मिल रहे संकेत, जन्मदिन की खबर पहुंची भोपाल

**(क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री जामवाल से नजदीकिया से दावेदारी को मिल रहा बल)**

**धार/मनीष जैन/दैनिक मालवा हैराल्ड।** वर्ष 2023 प्रदेश के लिए काफी महत्वपूर्ण साल है क्योंकि इस साल आगमी महीनो मे विधानसभा चुनाव होना है जिसमे जनता अपने मताधिकार का उपयोग करेगी और आम जनमानस अपनी पसंद की सरकार चुनेगी

### चाय पर चर्चा,पटोंदिया की दावेदारी मजबूत

चुनावी माहौल के मद्देनजर दैनिक मालवा हैराल्ड धार की टीम ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम किया जिसमे हमारी टीम शहर के प्रमुख चौराहे स्थित चाय की दुकानों पर पहुंची और वहा आने जाने वाले व्यक्तियों से चाय के साथ चुनावी चर्चा की तो हर दूसरे व्यक्ती ने धार विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्री दिलिप पटोंदिया को अपनी पसंद बताया और उम्मीद की हे की पार्टी उन्हे अपना प्रत्याशी बनाकर चुनावी समर मे उतारेगी तो काफी बढत के साथ पार्टी को विजय श्री मिलेगी



### जाट महाकुंभ से भी मिले संकेत

विगत दिनों प्रदेश की राजधानी भोपाल मे हुए जाट महाकुंभ मे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव को लेकर जाट समाज की उम्मीदवारी बताई है ज्ञातव्य हो की दिलिप पटोंदिया भी जाट समाज से होकर धार की राजनिति मे अपनी साफ छवि के लिए जाने जाते है और धार की राजनिति के काफी मंझे हुए खिलाड़ी हैं।

### जन्मदिन धार मे चर्चा भोपाल तक

26 अप्रैल को श्री पटोंदिया का जन्मदिन समारोह शहर के निजी गार्डन मे संपन्न हुआ था जिसमे लगभग 10 हजार लोगो का हुजूम उमड़ा था जिसकी खबर के चर्चे भोपाल के भी राजनितिक गलियारों मे सुनने को मिल रहे हैं जिससे संभवतः पटोंदिया की उम्मीदवारी और अधिक मजबूत हो रही हैं

### गुटबाजी से परे है पटोंदिया

श्री पटोंदिया गुटबाजी से परे है जिसका साक्षात उदाहरण उनके जन्मदिवस समारोह मे देखने को मिला था जिसमे धार भाजपा के तीनो गुट प्रमुखों ने भी अपनी उपस्तिथि दर्ज करवाई थी, जिससे यह स्पष्ट है की पार्टी के लिए भी पटोंदिया निर्विवादित नेता हैं

### धार जिले की विधानसभा पर टिकी नजरे

आगामी चुनाव को ले कर दोनो ही प्रमुख दलो ने अपनी सक्रियता काफी तेज कर दी है और दोनो ही दल के संभावित उम्मीदवार अपनी अपनी दावेदारी को मजबूत करने मे लगे है और जनता से रूबरू होने के लिए लगातार क्षेत्रीय भ्रमण का दौर जारी कर दिया है।

# कंटेनर ने आगे चल रही श्रद्धालु की कार को पीछे से मारी टक्कर, दोनों वाहन पलटे, तीन घायल

**सीएम की सभा में ड्यूटी कर लौट रहे पुलिसकर्मियों ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल**

**सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बुधवार शाम 6 बजे इंदौर कोटा नेशनल हाईवे पर अमरकोट के नजदीक कंटेनर ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन पलटी खा गए । कार में बैठे तीन युवक गंभीर घायल हो गए। घायलों को मुख्यमंत्री की सभा में ड्यूटी कर लौट रहे पुलिसकर्मियों ने मोबाइल थाना वाहन में बैठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां उपचार कर 108 की मदद से झालावाड़ रेफर किया।




जानकारी के अनुसार बुधवार शाम 6 बजे कोटा जिला निवासी 7 यात्री कार में सवार होकर उज्जैन महाकाल व ओकारेश्वर के दर्शन कर लौट रहे थे । तभी अमरकोट के समीप कार को तेज रफ्तार कंटेनर ने पिछले से टक्कर मार दी । जिसके बाद दोनों वाहन पलट गए । हादसे में कार सवार तीन व्यक्ति राकेश पिता रामचंद्र बेरवा, शिवराज पिता छीतरलाल माली, नरेश पिता बजरंग मीणा बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को मुख्यमंत्री की सभा में ड्यूटी कर लौट रहे थाना प्रभारी लक्ष्मण देवड़ा, उप निरीक्षक जगदीश हाड़ा ,एएसआई प्रभुलाल भंडारी, प्रधान आरक्षक सतीश मोदी, ऋतुराज सिंह ,आरक्षक हरपाल सिंह, महेंद्र मोबाइल थाना वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां अस्पताल में उपचार कर 108 की मदद से घायलों को झालावाड़ रेफर किया। पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# कृषि मंत्री तोमर ने दिया कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र

## संभागीय बैठक में आगामी चुनाव के लिए तैयार रहने का कहा, फिर सरकार बनाने का दावा



**उज्जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की कमान सौंप दी गई है। जिसके बाद पहली बार नरेंद्र सिंह तोमर उज्जैन पहुंचे। यहां भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र सिंह तोमर का स्वागत किया। श्री तोमर ने दावा किया कि इस बार भी प्रदेश में भाजपा की ही सरकार बनेगी।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर उज्जैन में संभागीय बैठक लेने के लिए पहुंचे। सर्किट हाउस से लेकर शहर तक जगह-जगह मंच लगाकर कार्यकर्ताओं ने तोमर का स्वागत किया। बीजेपी कार्यालय एल पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यहां पर उन्होंने 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत के लिए संकल्प कार्यकर्ताओ को दिलवाया। जिसके बाद निजी होटल में उज्जैन संभाग के बूथ संयोजको से मुलाकात करने पहुंचे।

### कांग्रेस का हुआ पर्दाफाश, फिर बीजेपी आएगी....

संभागीय बैठक के बाद महाकाल का पूजन अर्चन कर देश में खुशहाली की कामना की। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश में चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है भारतीय जनता पार्टी की स्थानीय समिति से लेकर राज्य स्तरीय की तैयारी चल रही है। आज संभागीय बैठक उज्जैन में रखी गई है चुनाव से संबंधित जिले के कार्यकर्ता चुनाव की सारी व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त करें भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं का असर हे की जनता फिर से आशीर्वाद देने के लिए तैयार है। कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश हो गया है 2023 में भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस को परास्त कर मध्य प्रदेश में सरकार बनाने के लिए तैयार है। मध्य प्रदेश राज्य जीडीपी की दृष्टि से बहुत अच्छा है। एग्रीकल्चर बहुत अच्छा है ।विकास का काम बहुत अच्छा हो रहा है। मध्य प्रदेश की गरीब जनता के जीवन में भी बदलाव आए इस दृष्टि से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रयास कर रहे हैं।

### मणिपुर हिंसा से मन दुखी, कार्रवाई की जा रही..

मणिपुर और हरियाणा में हुई हिंसा की घटनाओं को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ऐसी घटनाओं से दिल व्यथित होता है। दुखी होता है ।इन दोनों राज्यों में भी भाजपा की सरकार है और सरकार दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# दिन भर चला बारिश का दौर, छोटा पुल डूबा

## गंभीर डेम का एक गेट बंद, दूसरा खुला हुआ

**उज्जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।** गंभीर डेम के कैचमेंट एरिया व आसपास के क्षेत्र में बरसात का दौर जारी रहने के कारण डेम में पानी की आवक बनी हुई है। वॉटर लेवल मेंटेन करने के लिए एक गेट को 0.50 मीटर खुला रखा गया है। बुधवार सुबह से शाम तक बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान शिप्रा नदी का छोटा पुल डूब गया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष बरसात के पहले ही दौर में गंभीर डेम लबालब हो चुका है। ओवरफ्लो के कारण डेम के गेट दो बार खोले गए। बुधवार को वॉटर लेवल मेंटेन करने के लिए गेट 3 को 0.50 मीटर खुला रखा गया था। गंभीर का वॉटर लेवल 2 अगस्त 2023 को सुबह 1972 एमसीएफटी था। गत वर्ष 2 अगस्त 2023 को डेम में 1357 एमसीएफटी पानी था। यानि इस वर्ष डेम में 615 एमसीएफटी पानी अधिक है। बता दें कि सोमवार-मंगलवार को तेज बारिश की वजह से गंभीर डेम के दो गेट खोलना पड़े थे। लेकिन कल दोपहर को गेट नंबर 2 को बंद कर दिया गया। बुधवार को शाम तक गंभीर डेम में पानी की आवक और कम हो गई थी। इधर बुधवार सुबह से ही मध्यम और तेज बारिश का दौर शुरू हो गया था। शाम तक लगातार बारिश होती रही। दोपहर में शिप्रा नदी का छोटा पुल जलमग्न में हो गया था और शिप्रा नदी का पानी छोटे पुल से लगभग 3 फीट ऊपर तक बह रहा था। इस कारण छोटे पुल से उज्जैन बड़नगर मार्ग की आवाजाही रुक गई थी।

### घट्टिया तहसील में सबसे कम बारिश...

इस वर्ष वर्षा मानसून सत्र में अभी तक सर्वाधिक वर्षा जिले की तराना तहसील में 674.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। सबसे कम वर्षा घट्टिया तहसील में 364.2 मिमी वर्षा हुई है। अभी तक जिले में औसत वर्षा 530.6 मिमी रिकार्ड की गई है। कार्यालय भू-अभिलेख शाखा के अनुसार इस वर्ष अभी तक जिले की उज्जैन तहसील में 594 मिमी, घट्टिया में 364.2, खाचरौद में 506, नागदा में 665, बडनगर में 472, महिदपुर में 500, झारड़ा में 607, तराना में 674.6 और माकड़ोन तहसील में 393 मिमी वर्षा हो चुकी है। गत वर्ष इसी अवधि में उज्जैन तहसील में 481 मिमी, घट्टिया में 518, खाचरौद में 383, नागदा में 615, बडनगर में 361, महिदपुर में 464, झारड़ा में 345, तराना में 493 और माकड़ोन तहसील में 375 मिमी वर्षा हुई थी।

# संत शिरोमणि श्री रविदास मंदिर निर्माण हेतु मिट्टी एवम जल का सरक्षण एवम जन जागरण अभियान यात्रा आज तराना जनपद से गुजरी



**उज्जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।** संत शिरोमणि जन जागरण यात्रा आज तराना जनपद के विभिन्न गांवों से गुजर कर आगर जिले में प्रवेश कर गई । यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया भजन मंडल ने गीत प्रस्तुत किए।

**यात्रा में 2900 प्रतिभागियों की भाग लिया। तराना में आयोजित**-जनसंवाद में संत बम बम पुरी जी महाराज लोद वाले , अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला , विशेष अतिथि के रूप मे नाहर सिंह पंवार ,श्री लक्ष्मण सिंह बडाल , सुभाष जोशी, श्रीमति पुष्पा चौहान , श्री आकाश बोडाना ,तराना नगर मंडल अध्यक्ष ,पुर्व विधायक रोडमल राठौर , पुर्व विधायक ताराचंद गोयल , मदनलाल चौहान पुर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष , दिनेश चंदेल जिला पंचायत सदस्य , शमशेर सिंह मालवीय गोकुल जी खंडाल , ओम प्रकाश समाज सेवी ,संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय , जिला समन्वयक सचिन शीम्पी शामिल हुए। जनसंवाद कार्यक्रम में रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया ।। इसके पश्चात अतिथियो द्वारा संत शिरोमणि जी के जीवन पर व्याख्यान दिया गया आज 21कलश यात्रा निकाली गई । यात्राओं के दौरान 25 ग्रामों से सांकेतिक तौर से मिट्टी सम्मिलित करवाई गई और 03 नदियों का जल कलश में सम्मिलित करवाया गया ।

# 21 अगस्त को विशेष योग में मनेगी नाग पंचमी


## महाकालेश्वर की पांचवी सवारी भी इसी दिन निकलेगी

**उज्जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।** श्रावण शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि, सोमवार के दिन चित्रा नक्षत्र शुभ योग, कन्या राशि के चंद्रमा की साक्षी में 21 अगस्त सोमवार को नाग पंचमी आ रही है। इसी दिन महाकालेश्वर की पांचवी सवारी भी निकाली जाएगी।

ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डब्बावाला ने बताया कि साल भर में आने वाली यह पंचमी नाग पंचमी के नाम से जानी जाती है। इस दिन कुल परंपरा के अनुसार तथा लोक परंपरा के अनुसार नाग देवता की पूजन की मान्यता है इस दिन नाग देवता के पूजन करने से अरिष्ट और अनिष्ट की निवृत्ति होती है ऐसा शास्त्र कहते हैं। उज्जैनी में नाग मंदिरों की पौराणिक मान्यता है।

### बुधादित्य योग और सवारी का संयोग...

ग्रह गोचर की गणना के अनुसार देखे तो 21 अगस्त सोमवार के दिन सूर्य व बुध सिंह राशि में उपस्थित रहेंगे। सिंह राशि के अधिपति स्वयं सूर्य हैं और वह बुध के मित्र है सूर्य व बुध की युति जब साथ में रहती है तो बुधादित्य योग का निर्माण करती है बुधादित्य योग में आने वाला पर्व अथवा त्यौहार विशेष इसलिए भी हो जाता है कि कर्म की साक्षी के प्रधान देवता व प्रकट देवता भगवान सूर्यनारायण है इनकी साक्षी में कोई भी पर्व विशेष फल प्रदाता माना गया है साथ ही बुध कार्य की सिद्धि व सफलता को देने वाला है संयोग से नाग की पूजन के लिए बुध का अनुकूल होना नाग पूजन के लिए श्रेष्ठ माना जाता है और बुध आदित्य योग कार्य की सफलता के लिए अनुकूल बताया गया है।



### युति का अगले 8 महीने रहेगा प्रभाव...

21 अगस्त को चंद्र मंगल कन्या राशि पर अवस्थित रहेंगे चंद्र मंगल की युति प्राकृतिक परिवर्तन के साथ साथ वैज्ञानिक परिवर्तन तथा चिकित्सा के क्षेत्र में व अंतरिक्ष क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि देगी। जिसका प्रभाव अगले 8 महीने में दिखाई देगा।

### पुराणों में मिलता है उल्लेख...

स्कंद पुराण के अवंति खंड में नाग देवता के स्थान की भी मान्यता बताई गई है उज्जैन के राम घाट क्षेत्र में नरसिंह घाट के मध्य में नाग देवता के स्थान का उल्लेख पौराणिक दृष्टिकोण से बताया गया है चूंकि नाग पंचमी पर नाग पूजन की मान्यता के चलते रामघाट तीर्थ पर सिद्धवट घाट पर प्रेतशिला तीर्थ के पास में भी मान्यता के चलते पूजन करने की परंपरा है इस दिन जिनको जन्मकुंडली में कालसर्प दोष उपस्थित है उन्हें उज्जैनी आकर शांति विधि करनी चाहिए। चूंकि उज्जयिनी नगर उत्तर बिंदु को प्रतिनिधित्व करता है और नाग देवता इस बिंदु के सह कारक देवता माने गए हैं इस दृष्टि से उज्जैन क्षेत्र में विशेषकर सिद्धवट व राम घाट पर इनकी पूजन की विशेष मान्यता है इन स्थानों पर पूजन करने का अनुक्रम पूर्व से भी चला आ रहा है।

### वर्ष में एक बार खुलते है पट, 11 वीं सदी की प्रतिमा...

हिंदू धर्म में नाग की पूजा करने की परंपरा सदियों से रही है। इस धर्म में आस्था रखने वाले लोग सांपों को भगवान का आभूषण मानते हैं। हमारे देश में नागों के कई मशहूर मंदिर भी हैं। इन्हीं मंदिरों में से एक उज्जैन में स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर है। उज्जैन के महाकाल मंदिर के शिखर की तीसरी मंजिल पर ही नागचंद्रेश्वर मंदिर स्थित है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसे सिर्फ नागपंचमी के दिन दर्शन के लिए खोला जाता है। यहां की प्रतिमा भी विलक्षण है। शिव परिवार शेषनाग पर विराजमान है।

# उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव स्वर्ण जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम में आज भाग लेंगे

**उज्जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी समिति द्वारा आयोजित स्वर्ण जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम आज गुरूवार 3 अगस्त को दोपहर 3 बजे से कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्री पारस जैन करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, सांसद श्री अनिल फिरोजिया होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक श्री बहादुर सिंह चौहान, घट्टिया के विधायक श्री रामलाल मालवीय और कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में महापौर श्री मुकेश टटवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर, उज्जैन नगर पालिक निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला एवं जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर मौजूद रहेंगी। उक्त जानकारी कृषि उपज मंडी बोर्ड के उप संचालक श्री प्रवीण वर्मा एवं सचिव श्री उमेश कुमार बसेड़िया शर्मा ने दी।

# स्वीप गतिविधियों के तहत कालिदास कन्या महाविद्यालय में जागरूकता अभियान

## लोटि महाविद्यालय में नवीन मतदाताओं की कार्यशाला आयोजित




**उज्जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर उज्जैन जिले में स्वीप (सिस्टेमैटिक वोटर्स एजुकेशन एण्ड इलेक्टोरल पार्टीसिपेशन प्रोग्राम) गतिविधियां प्रारम्भ कर दी गई हैं। इसके तहत जिले में आज विभिन्न गतिविधियां की गई। उज्जैन शहर के कालिदास कन्या महाविद्यालय में जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी श्री साबिर अहमद सिद्धिकी, प्राचार्य श्रीमती वन्दना गुप्ता, तहसीलदार श्री अनिरूद्ध मिश्रा व अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसी तरह लोकमान्य तिलक महाविद्यालय में नवीन मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम शामिल करने हेतु कार्यशाला आयोजित की गई एवं मौजूद छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। बड़नगर जनपद के ग्राम लोहाना में जागरूकता अभियान प्रारम्भ किया गया। जागरूकता अभियान में जनपद सीईओ श्री प्रदीप पाल, तहसीलदार एवं अन्य मैदानी अधिकारी शामिल हुए और ग्रामीणों को मतदान करने का महत्व समझाया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं जागरूक मतदाताओं को जनपद सीईओ द्वारा शपथ ग्रहण करवाई गई।

# अतिक्रमण और अवैध निर्माण के विरूद्ध योजनाबद्ध कार्यवाही करें: महापौर

## कालोनियों के रहवासियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो



**उज्जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।**शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाए जाने की कार्यवाही तो की जाती है किन्तु योजनबद्ध कार्यवाही नहीं होने से समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता। इस हेतु व्यवस्थित योजना बनाएं।

यह निर्देश महापौर श्री मुकेश टटवाल ने दिये हैं। योजना और प्राद्योगीकी विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर ने कहा कि शासकीय भूमियों के अतिक्रमण, विभिन्न मार्गो पर किये गए अस्थाई अतिक्रमण, महाकाल मंदिर के आस-पास के पहुंच मार्गो से अवैध मांस-मटन, चिकन दुकानों को हटाने की कार्यवाही योजनाबद्ध ढंग से आरंभ करें।

अवैध कालोनियों को वैध किये जाने की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अवैध कालोनियों में ड्रेनेज, सीवरेज, जलभराव और विद्युत व्यवस्था सम्बधी समस्याएं सामने आ रही है। नियम शर्तो का अध्ययन करें, कालोनाईजरों से चर्चा करें और आम रहवासियों की समस्याओं का समाधान कराएं। अब किसी भी नवीन कालोनी को अनुमति देने से पूर्व सम्बंधित अधिकारी एमआईसी के प्रभारी सदस्य डॉ. योगेश्वरी राठौर के साथ निरीक्षण करें और निरीक्षण में पाई जाने वाली वास्तविक स्थिति अनुसार स्पष्ट रिपोर्ट के साथ कार्यवाही प्रस्तावित करें।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने आईटी सेल, कालोनी सेल, भवन निर्माण अनुज्ञा सम्बंधि विभिन्न कार्यो की भी समीक्षा की और कहा कि हमारे अधिकारी, कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे हैं किन्तु आवश्यकता है कि नियमों का पालन करते हुए सुगमता के साथ इसप्रकार कार्य किये जाएं जिससे आम नागरिक संतुष्ट हों। विभाग प्रमुख डॉ. योगेश्वरी राठौर ने अपने अधीन आने वाले विभिन्न विभागों के कार्यो पर प्रकाश डाला और कायो को और बेहतर ढंग से किये जाने की आवश्यकता बताई।बैठक में अधीक्षण यंत्री श्री आर.आर. जारौलिया, कार्यपालन यंत्री श्री पी.सी. यादव, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवीन निर्माण एवं सजावट के साथ होगा दशहरा मैदान पर स्वतंत्रता दिवस सामरोहः आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह

**उज्जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।**दशहरा मैदान स्टेडियम निर्माण पूर्णतः को है, शेष कार्य के साथ फिनीशिंग कार्य 10 अगस्त तक पूर्ण करा लिया जए। यह सुनिश्चित करें कि स्वतन्त्रता दिवस मुख्य समारोह दशहरा मैदान स्टेडियम में नवनिर्माण और सजावट के साथ भव्य रूप से आयोजित हो सके।

यह निर्देश आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने दिये हैं। आपने कहा कि दशहरा मैदान स्टेडियम में प्रचलित कार्य हमने प्राथमिकता में रखा है यह कार्य एक सप्ताह में पूर्ण हो कर स्टेडियम समारोह हेतु तैयार हो जाए इस हेतु तैयारियां पूर्ण करली गई हैं।

दशहरा मैदान स्टेडियम निर्माण अन्तर्गत निगम द्वारा दर्शकदीर्घा और सलामी मंच का निर्माण करवाया गया है। इस नवीन निर्माण से स्वतंत्रता दिवस समारोह की भव्यता में वृद्धि होगी, वहीं आए दिन होने वाली विभिन्न खेल स्पर्द्धाओं और अन्य आयोजनों के दौरान भी दर्शकों को सुविधाजनक स्थान मिल सकेगा।

प्रोजेक्ट सेल की बैठक में आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने निगम की ओर से कराए जा रहे अन्य निर्माण और विकास कार्यो की भी समीक्षा की।

विभिनन अधूरे निर्माण कार्यो को और अधिक गति दिये जाने पर आपने जोर दिया। आपने कहा कि ठेकेदारों के भुगतान निगम द्वारा कराए जा रहे है, इसके बावजूद जो ठेकेदार समय सीमा में कार्य नही कर रहे, निविदा स्वीकृति के उपरांत अनुबंध नही कर रहे या कार्य आरंभ नहीं कर रहे है, उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें।

नगर वन उद्यान में जो शेष कार्य है उसे तत्काल पूर्ण कराएं। याद रखिये इस प्रकार के कार्यो में शासन के अन्य विभागों से राशि प्राप्त होती है, यदि निगम समय पर खर्च नहीं करता तो आगामी वर्षो में राशि मिलने में कठिनाई होती है। इसलिये इस तरह के प्रोजेक्ट प्राथमिकता में रखे।



**प्रत्येक कार्य के लिये जिम्मेदारी दें**

आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि रीगल टाकिज, तरणताल, फाजलपुरा काम्पलेक्स, निगम भवन के पीछे की भूमि का प्रोजेक्ट, पटवारी प्रशिक्षणशाला भूमि का प्रोजेक्ट, छत्रीचौक पानी की टंकी प्रोजेक्ट, दौलतगंज सब्जी मण्डी भूमि प्रोजेक्ट, गोवर्धन सारग इत्यादि विभिन्न बड़े कार्यो में पृथक-पृथक जिम्मेदारी तय करें। इनका दायित्व होगा कि कार्यो को गति दें तथा प्रति बुधवार होने वाली समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हों। अब यदि कोई बैठक में बिना तैयारी के आया तो सख्त कार्यवाही होगी।

# सार समाचार

## वारदात करने घर में घुसे बदमाश ने वृद्ध पर किया हमला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चोरी की वारदात करने घर में घुसे बदमाश ने वृद्ध के जागने पर हमला कर दिया। वृद्ध ने हि मत नहीं हारी और घायल होने के बावजूद बदमाश को पकड़ लिया। जिसे नीलगंगा थाना पुलिस को सौंपा गया है। सुभाषनगर बैंक कालोनी में रहने वाले सतयुग रेस्टोरेंट संचालक दयाराम पिता ठाकुरदास का मकान बना हुआ है। बीती रात एक बदमाश उनके मकान की पहली मंजिल पर पहुंचा और अलमारी से सोने की चेन और 12 हजार रूपये चोरी कर लिये। आवाज सुनकर दयराराम नींद से जाग गये और उन्होने चोरी कर रहे बदमाश को पकड़ लिया। जिसे नीलगंगा थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। बदमाश नाबालिग होना सामने आया है। जो 27 जून को शास्त्रीनगर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका था। पुलिस ने उसके खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू की है। नाबालिग ने कुछ दिनों पहले अलखधाम कालोनी में भी चोरी की वारदात करना कबूल किया है। पुलिस उसकी निशानदेही पर अलखधाम में हुई चोरी का माल बरामद करने का प्रयास कर रही है। रेस्टोरेंट संचालक के यहां की गई चोरी की चेन और नगदी बरामद हो चुकी है।

## बाइक सवार बदमाशों ने वृद्धा के गले से झपटी चेन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाइक सवार तीन बदमाशों ने बुधवार शाम वृद्धा के गले से सोने की चेन झपटी ली। वारदात के बाद बदमाशों के फुटेज सामने आए है। नागझिरी पुलिस बदमाशों की पहचान के प्रयास कर रही है। मालनवासा में रहने वाली सुमन पति गोपाल बैरागी 65 वर्ष प्रतिदिन शाम को पैदल घर से डी मार्ट तक घूमने जाती है। शाम 7 बजे के लगभग वह डी मार्ट से वापस मालनवासा की ओर लौट रही थी, उसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाश आये और सोने की चेन झपटकर भाग निकले। अचानक हुई वारदात से वृद्धा काफी घबरा गई थी, उन्होने शोर मचाया, लेकिन बदमाश आसानी से भाग निकले। वारदात का पता चलते ही नागझिरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो में बाइक सवार तीन बदमाश दिखाई दिये है। जिनकी बाइक का न बर ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। बदमाश इंदौर की ओर भागना सामने आ रहे है। मामले में सुमन बैरागी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब हो कि शहर में पिछले कुछ माह में तीन से चार चेन झपटने की वारदात हो चुकी है, जिसमें 2 माधवनगर और एक नीलगंगा थाना क्षेत्र की शामिल है। उक्त वारदातों के बाद भी पुलिस को बदमाशों के फुटेज मिले थे। लेकिन अब तक बदमाशों की पहचान नहीं हो पाई है।

## दो वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही के निर्देश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीएचई विभाग की बैठक में कार्य से सन्तुष्ट नही होने पर आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने उपयंत्री की दो वेतन वृद्धि रोकने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र देने के निर्देश दिये।निगम आयुक्त द्वारा पीएचई के कार्यो की समीक्षा में अवैध नल कनेक्शन वैध किये जाने की कार्यवाही की भी समीक्षा की। आपने पाया कि प्रभारी उपयंत्री श्री हरिनारायण ऐरवाल को अवैध नल कनेक्श को वैध करने के लिये विगत समीक्षा बैठक में 900 संयोजनो का लक्ष्य प्रदान किया गया था उनके द्वारा अब तक मात्र 14 संयोजनो पर ही कार्यवाही की गई है, इस धीमी गति के लिए दो वेतन वृद्धि रोके जाने की कार्यवाही के निर्देश देते हुए कारण बताओ सूचना पत्र देने हेतु निर्देशित किया। निगम आयुक्त ने पीएचई के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि अवैध कनेक्शन वैध किये जाने की कार्यवाही को गंभीरता से लेते हुए इस कार्य को गति दें।बैठक में अपर आयुक्त श्री आशिष पाठक, अधीक्षण यंत्री श्री आर.आर. जारौलिया, कार्यपालन यंत्री श्री पी.सी. यादव, श्री अनिल जैन, श्री जगदिश मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जगन्नाथपूरी यात्रा हेतु 05 अगस्त तक कर सकते है आवेदन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अन्तर्गत उज्जैन जिले से अगस्त माह में जगन्नाथपूरी यात्रा प्रस्तावित है। जो 16 अगस्त 2023 को प्रस्तान कर 21 अगसत 2023 को वापसी करेगी। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 05 अगस्त 2023 तक आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु ऐसे पात्र व्यक्ति जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक दम्पत्ति के साथ यात्रा कर सकते है तथा 65 वर्ष से अधिक उम्र के आवेदक दंपत्ति अपने साथ 01 सहायक ले जाने की पात्रता रखते है। 60 प्रतिशत दिव्यांग के लिये उम्र का कोई बंधन नही है। दिव्यांग आवेदक अपने साथ एक सहायक ले जा सकता है। सहायक शारीरिक रूप से सक्षम हों। आवेदक आयकरदाता नही होना चाहिए। आवेदक संबंधित निकाय क्षेत्र का मूल निवासी हो। इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर दो प्रतियों में नगर पालिक निगम उज्जैन के कार्यालय नगर शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के कक्ष क्रमांक 214 में जमा करा सकते है। प्राप्त आवेदन का लाटरी से चयन किया जाएगा। आवेदन के साथ आधार कार्ड, समग्र परिवार आई.डी., पासपोर्ट साइज फोटो, स्वास्थ्य का प्रमाण, आवेदक के सभी दस्तावेज समग्र आईडी में ई-केवायसी सहित आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए।

## 150 यात्री 10 अगस्त को काशी की यात्रा के लिये स्पेशल ट्रेन से रवाना होंगे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अन्तर्गत उज्जैन जिले के 150 तीर्थयात्री 10 अगस्त को स्पेशल ट्रेन से काशी (वाराणसी) की यात्रा के लिये रवाना होंगे। यात्रा की वापसी 13 अगस्त को होगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के नोडल अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के लिये नगरीय निकाय से 506 एवं ग्रामीण निकाय से 314 व्यक्तियों द्वारा आवेदन किये हैं। दर्ज आवेदनों में से कम्यूएवटराईज्ड लॉटरी से नगरीय निकाय से 102 एवं ग्रामीण निकाय से 48 इस प्रकार कुल 150 व्यक्तियों की चयन सूची और जिले के 15 व्यक्तियों की प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है। चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का अवलोकन सम्बन्धित नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत में यात्री कर सकते हैं। जिन व्यक्तियों का चयन नहीं हुआ है, उनके द्वारा सादे कागज पर सम्बन्धित निकाय में सहमति देने पर उनके आवेदन-पत्र को आगामी यात्रा के लिये मान्य किया जायेगा।

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

**//जाहिर सूचना//**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधीकरण की श्री महाकाल वाणिज्यिक आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड क्रमांक-सी-4/18 कार्नर श्रेणी ईडब्ल्यूएस श्रीमती कल्पना शर्मा पति श्री शिरीष शर्मा एवं श्री शिरीष शर्मा पिता शिवरतन निवासी 8, सखीपुरा उज्जैन के नाम पर दर्ज है।

श्री शिरीष शर्मा पिता शिवरतन शर्मा की मृत्यु दिनांक 26.05.2008 को हो जाने के कारण उक्त संपत्ति पर वारिसान (1) श्रीमती कल्पना शर्मा पति श्री शिरीष शर्मा (पत्नी) (2) श्री दर्पण शर्मा पिता स्व. श्री शिरीष शर्मा (पुत्र) (3) श्री मयंक शर्मा पिता स्व. श्री शिरीष शर्मा (पुत्र) निवासी - सी-4/18 महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र नानाखेड़ा उज्जैन द्वारा संयुक्त अनापत्ति शपथ पत्र, एवं क्षतिपूर्ति लेख के आधार पर उक्त सम्पत्ति का नामान्तरण सुंयक्त नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अत: आंवटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त संपत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, या मृतक के वारीसो के नाम पर नामांतरण किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करे अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा नामांतरण अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन**